चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 68, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 02 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# परीक्षा पे चर्चा: परीक्षा से पहले 'मोदी मंत्र'

## परीक्षा उत्तीर्ण करने के बजाय विषय में महारत हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए: पीएम मोदी







### अगर कॉम्पिटिशन ही नहीं है तो जिंदगी नीरस सी हो जाती: मोदी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कॉम्पिटिशन (प्रतिस्पर्धा) को हमें जीवन की सबसे बड़ी सौगात मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कॉम्पिटिशन ही नहीं है तो जिंदगी नीरस सी हो जाती है। यहां तोलकटोरा इंडोर स्टेडियम में टाउन हॉल इंटरएक्टिव प्रारूप में कक्षा नौ से 12वीं तक के विद्यार्थियों, बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने यहां छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सच में तो हमें कॉम्पिटिशन को आमंत्रित करना चाहिए, तभी तो हमारी कसौटी होती है। कॉम्पिटिशन जिंदगी को आगे बढ़ाने का एक अहम माध्यम होता है, जिससे हम अपना मूल्यांकन भी कर सकते हैं। उन्होंने कॉम्पिटिशन को जीवन की सबसे बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि कॉम्पिटिशन ही हमारी कसौटी होती है। कॉम्पिटिशन जिंदगी को आगे बढ़ाने का बेहतरीन माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिर्फ परीक्षा के लिए दिमाग खपाने के बजाय खुद को योग्य, शिक्षित व्यक्ति बनाने के लिए, विषय का मास्टर बनने के लिए हमें मेहनत करनी चाहिए। फिर परिणाम जो मिलेगा, सो मिलेगा।

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षाओं को त्योहार के रूप में लेने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसा करने से उन्हें तनाव की समस्या नहीं होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने की सलाह देते हुए कहा कि मन को स्थिर करना जरूरी है। ऐसा करने से उन्हें परीक्षा हाल में पढ़ा हुआ भूलने की समस्या पेश नहीं आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रेरणा का कोई इंजेक्शन नहीं होता है इसलिए आप अपने अंदर की सकारात्मक शक्ति को पहचानें। बोर्ड परीक्षाओं के तुरन्त बाद प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की उलझन को लेकर उन्होंने कहा कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के बजाय विषय में महारत हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। परिजनों की बच्चों से अपेक्षाओं से जुड़े प्रश्न के जवाब में प्रधानमंत्री ने अभिभावक और शिक्षक से अपनी आकांक्षाओं का बोझ बच्चों पर नहीं डालने की भी अपील की। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों से यह स्वीकार करने का आग्रह किया कि प्रत्येक छात्र में कोई न कोई विशेष क्षमता होती है और वह उसे खोजता है। उन्होंने छात्र से कहा कि अपनी ताकत को पहचानें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। एक अन्य सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, "प्रेरणा के लिए कोई इंजेक्शन या फॉमूर्ला नहीं है। इसके बजाय, अपने आप को बेहतर तरीके से खोजें और पता करें कि आपको क्या खुशी मिलती है और उस पर काम करें।" उन्होंने छात्रों से उन चीजों की पहचान करने के लिए कहा जो उन्हें स्वाभाविक रूप से प्रेरित करती हैं, उन्होंने इस प्रक्रिया में स्वायत्तता पर जोर दिया और छात्रों से कहा कि वे अपने संकटों के लिए सहानुभूति प्राप्त करने का प्रयास न करें। उन्होंने छात्रों को अपने आस-पास देखने की सलाह दी कि बच्चे, दिव्यांग और प्रकृति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कैसे प्रयास करते हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक एग्जाम वॉरियर से यह भी याद किया कि कैसे परीक्षा के लिए एक पत्र लिखकर और अपनी ताकत और तैयारी के साथ परीक्षा को चुनौती देकर प्रेरित महसूस किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रश्नों के जवाब देते हुए कहा कि परीक्षा पे चर्चा उनका पसंदीदा कार्यक्रम है। उन्होंने शनिवार से शुरू हो रहे विक्रम संवत नव वर्ष की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने पीपीसी के 5वें संस्करण में नई प्रथा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस दौरान जो प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं, उनका नमो एप पर वीडियो, ऑडियो या टेक्स्ट मैसेज के जरिए जवाब दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर की एरिका जॉर्ज ने पूछा कि उन लोगों के लिए क्या किया जा सकता है जो जानकार हैं लेकिन कुछ कारणों से सही परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। गौतमबुद्धनगर के ओम मिश्रा ने पूछा कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षा के लिए अध्ययन की मांगों को कैसे संभालना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा के लिए पढ़ना गलत है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पूरे मन से पाठ्यक्रम का अध्ययन करता है, तो अलग-अलग परीक्षाएं मायने नहीं रखती हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के बजाय विषय में महारत हासिल करने **का लक्ष्य रखना चाहिए।**

**'एथलीट खेल के लिए प्रशिक्षण लेते हैं न कि प्रतियोगिता के लिए'**

पीएम ने कहा, "आप एक विशेष पीढ़ी के हैं। हां, प्रतिस्पर्धा अधिक है लेकिन अवसर भी अधिक हैं। परीक्षा को लेकर तनाव के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि वे तनाव में न रहें क्योंकि यह उनके द्वारा दी जाने वाली पहली परीक्षा नहीं है। पिछली परीक्षाओं से उन्हें जो अनुभव मिला है, उससे उन्हें आगामी परीक्षाओं को पार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम का कुछ हिस्सा छूट सकता है, लेकिन उन्हें इस पर ज्याद जोर नहीं देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि उन्हें अपनी तैयारी की ताकत पर ध्यान देना चाहिए और अपने दिन-प्रतिदिन की दिनचर्या में तनावमुक्त और स्वाभाविक रहना चाहिए। दूसरों की नकल के रूप में कुछ भी नया करने की कोशिश करने से बचना चाहिए। ऑनलाइन शिक्षा की चुनौती को लेकर पूछे गये एक प्रश्न के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि समस्या ऑनलाइन या ऑफलाइन अध्ययन के तरीकों से नहीं है। ऑफलाइन अध्ययन में भी, मन बहुत विचलित हो सकता है। उ?होंने कहा कि यह माध्यम नहीं बल्कि मन की समस्या है। उन्होंने कहा कि सीखने के नए तरीकों को एक अवसर के रूप में लिया जाना चाहिए, चुनौती के रूप में नहीं। ऑनलाइन आपके ऑफलाइन सीखने को बढ़ा सकता है। नई शिक्षा नीति को लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे भारत के लोगों से विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि पहले, शारीरिक शिक्षा और प्रशिक्षण पाठ्येतर गतिविधियां थीं।




# रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा जीएसटी संग्रह

## मार्च में बढ़कर 1.42 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली:** जीएसटी कलेक्शन के मोर्चे पर राहत भरी खबर आई है। मार्च महीने में कलेक्शन अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने 1.42 लाख करोड़ कलेक्शन हुआ है। यह अब तक का रिकॉर्ड है। गौरतलब है कि इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन सबसे ज्यादा 1,40,986 करोड़ रुपये रहा था।

**पिछले साल के मुकाबले 15 फीसदी बढ़त:** वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों को देखें तो मार्च 2022 में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1,42,095 करोड़ रुपये है। इसमें सीजीएसटी 25,830 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 32,378 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 74,470 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 39,131 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 9,417 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र किए गए 981 करोड़ रुपये सहित) है। बता दें कि मार्च के लिए राजस्व पिछले साल के इसी महीने में जीएसटी राजस्व से 15 प्रतिशत अधिक है।




**पी-नोट्स के जरिए निवेश बढ़ा:** इस बीच बता दें कि फरवरी के अंत तक पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए भारतीय बाजारों में निवेश बढ़कर 89,143 करोड़ रुपये हो गया। इससे साफ है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ।

# महंगाई की मार: कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 250 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 250 रुपये का इजाफा किया है। अब यह सिलेंडर राजधानी दिल्ली में 2253 रुपये में मिलेगा। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस बढ़ोतरी के साथ कोलकाता में यह सिलेंडर 2,351 रुपये, मुंबई में 2,205 रुपये और चेन्नई में 2,406 रुपये में मिलेगा। इससे पहले 22 मार्च को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये इजाफा किया गया था। इस समय राजधानी दिल्ली में यह 949.50 रुपये, कोलकाता में 976 रुपये, मुंबई में 949.50 रुपये और चेन्नई में 965.50 रुपये में मिल रहा है।



# जैश-ए-मोहम्मद के मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**श्रीनगर:** पुलवामा में पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां तीन आतंकी मददगारों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आईजी कश्मीर विजय कुमार ने आतंक के मोर्चे पर इस कामयाबी के लिए सुरक्षा बलों को बधाई दी है। पुलवामा पुलिस और 55 राष्ट्रीय राइफल्स तथा 182-183 बटालियन सीआरपीएफ ने अभियान चलाकर मददगारों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों मददगार जिले में सक्रिय आतंकियों को रहने-खाने का इंतजाम कराते थे।

# आईटीआर भरने के लिए नया फॉर्म जारी किया

**नई दिल्ली:** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने के लिए नया फॉर्म जारी कर दिया है। आयकर विभाग ने नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही जारी इस आईटीआर फॉर्म में कई अहम बदलाव किए हैं। इसमें करदाताओं से अब विदेशी सेवानिवृत्ति लाभ खातों से होने वाली आय की जानकारी भी मांगी गई है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर रिटर्न फॉर्म 1-5 को अधिसूचित किया है। इसमें आईटीआर फॉर्म-1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म-4 (सुगम) सरल रूप है। ये दोनों फॉर्म बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। आईटीआर फॉर्म-3 वे व्यक्ति भर सकते हैं, जिन्हें कंपनियों यानी पेशे से लाभ के तौर पर आय प्राप्त होती है। आईटीआर फॉर्म-5 सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी) द्वारा भरा जाता है। विभाग के मुताबिक आईटीआर फॉर्म-1 मोटे तौर पर पिछले वर्ष की तरह है। इसमें जो नई जानकारी मांगी गई है, वो शुद्ध वेतन की गणना के लिए किसी अन्य देश में सेवानिवृत्ति लाभ खाते से होने वाली आय है।

# रूस-यूक्रेन जंग: पुतिन के देश में छा गए भारतीय उत्पाद

## चावल-काली मिर्च से लेकर आलू समेत दर्जनों वस्तुएं होंगी निर्यात

**नई दिल्ली:** रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध तथा विश्व के अनेक देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण अब वहां पर भारतीय सामान की मांग तेजी से बढ़ी है। भारत के लिए अपने उत्पादों का रूस में बाजार बनाने का यह एक बड़ा अवसर भी है। अब तक रूस को बढ़ी हुई मात्रा में सामान, अमेरिका, इंग्लैंड तथा यूरोपियन देशों द्वारा सप्लाई किया जाता था। अब पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। कोई भी देश रूस को सामान नहीं भेज रहा है। इस स्थिति के मद्देनजर कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) से रूस के अनेक व्यापारिक संस्थानों ने भारतीय सामान के लिए संपर्क किया है। कैट के पदाधिकारियों का कहना है कि भारत के व्यापारी भी रूस को भारतीय उत्पादों का निर्यात करने के लिए बेहद इच्छुक हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, रूस में भारतीय उत्पादों की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। प्रथम चरण में फ्रूट जैम एवं जैली, कॉर्नफ़्लेक्स, मूसली, चाय, कॉफी पाउडर, चीनी, नमक एवं काली मिर्च के पाउच की मांग आ रही है। इनके अलावा मिल्क पाउडर, फल, सब्जी, चीज, पास्ता का सामान, मक्खन, फ्रूट ड्रिंक, सूप का सामान, मसाले, शहद, बिस्किट्स, अचार, फ्रोजन स्नैक्स, खाद्यान, कैचप।



# देशमुख, वाजे व शिंदे को सीबीआई लेगी हिरासत मे

**मुंबई: महाराष्ट्र** में भ्रष्टाचार का मुद्दा एक बार फिर गरमाने वाला है। सीबीआई पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे व कुंदन शिंदे को अपनी हिरासत में लेने वाली है। इनसे भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ की जाएगी। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे सरकार को झटका दिया है। देशमुख से जुड़े भ्रष्टाचार मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने की उसकी याचिका खारिज कर दी। बॉम्बे हाईकोर्ट देशमुख की जमानत अर्जी पर 8 अप्रैल को सुनवाई करेगी। इससे पहले 25 मार्च को सुनवाई में हाईकोर्ट ने देशमुख की जमानत अर्जी पर ईडी को एक सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया था। देशमुख अभी मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। 100 करोड़ रुपये की अवैध वसूली व मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरवरी में ईडी देशमुख के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री 1992 से अपने पद का दुरुपयोग करते रहे हैं। उन्होंने अवैध तरीके से काफी पैसा व संपत्ति बनाई है।

# राज्यसभा में भाजपा की पकड़ हुई मजबूत

### 1990 के बाद राज्यसभा में पहली बार किसी पार्टी के 100 सांसद, 2014 चुनाव के बाद से लगातार बढ़ रही ताकत

**नई दिल्ली:** अपने इतिहास में पहली बार भाजपा ने गुरुवार को हुए चुनाव में असम, त्रिपुरा और नागालैंड में एक-एक सीट जीतने के बाद राज्यसभा में 100 सदस्य होने की उपलब्धि हासिल की है। छह राज्यों की 13 राज्यसभा सीटों के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनावों में भाजपा ने पंजाब से अपनी एक सीट खो दी, लेकिन तीन पूर्वोत्तर राज्यों और हिमाचल प्रदेश से एक-एक सीट हासिल की। यहां सभी पांच निवर्तमान सदस्य विपक्षी दलों से थे।



**पंजाब में आप को मिलीं सभी पांच सीटें:** पंजाब में आम आदमी पार्टी ने सभी पांच सीटों पर जीत हासिल की। जबकि राज्यसभा की वेबसाइट ने अभी तक नए सूची को अधिसूचित नहीं किया है। अगर नए चुनावों में उसे मिली तीन सीटों को मौजूदा 97 सीटों में जोड़ दिया जाए तो भाजपा की संख्या 100 तक पहुंच जाएगी। 2014 के चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में बहुमत हासिल करने के बाद से 245 सदस्यीय राज्यसभा में बहुमत से काफी कम होने के बावजूद भाजपा के सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। 2014 में राज्यसभा में भाजपा की ताकत 55 थी और तब से लगातार बढ़ रही है क्योंकि पार्टी ने कई राज्यों में सत्ता हासिल की है।

**1990 में कांग्रेस के सांसदों की संख्या घटकर 99 हो गई थी:** पिछली बार किसी पार्टी के पास उच्च सदन में 100 या अधिक सीटें 1990 में थीं।

# भारत की तारीफ में रूसी विदेश मंत्री ने पढ़े कसीदे

## कहा- पुतिन ने मोदी के लिए 'थैंक यू' भेजा है

**नई दिल्ली:** रूस-यूक्रेन जंग के बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। वह गुरुवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे हैं। कूटनीतिक और यूक्रेन से जंग के लिहाज से सर्गेई की भारत यात्रा को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनकी इस यात्रा पर अमेरिका समेत कई यूरोपीय देश भी नजरें टिकाए हुए हैं। बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि, यह बैठक कोरोना महामारी व कठिन अंतरराष्ट्रीय वातावरण के बीच हो रही है। हमारे कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय रिश्ते बने हुए हैं। भारत हमेशा कूटनीति के जरिए विवादों को सुलझाने के पक्ष में रहा है।



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा : बनाये गये संकलन केन्द्र पर अव्यवस्थाओं का अंबार

**जसरा।** तहसील स्तरीय हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का संकलन केन्द्र में अव्यवस्थाओं का बना हुआ है अंबार। शिक्षा विभाग जान बूझकर बना हुआ है अनजान। श्री लालचंद इंटर कालेज जसरा में तहसील स्तरीय हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का संकलन केन्द्र बनाया गया है। इस कालेज में चौबीस विद्यालयों की कापियों का संकलन भी राम भरोसे ही है। जिस कमरे में कापियों को रखा जाता है उस कमरे में पहले से ही विद्यालय का कबाड़ रखा हुआ है। जब कि दूसरे कमरे में मिड डे मील का महीनों से खाद्यान्न रखा गया है। संकलन केन्द्र प्रभारी डा०चक्रधर द्विवेदी ने बताया कि जहां कापियों का संकलन किया जाता है वहां संबंधित थाना या चौकी के किसी सिपाही को ड्यूटी पर लगाया जाता है,लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं है। एक भी गार्ड की ड्यूटी नहीं हुई है। यहां का संकलन केन्द्र राम भरोसे ही चल रहा है। बता दें कि इस विद्यालय के भवन का एक हिस्सा पूरी तरह से जीर्ण शीर्ण हो गया है। बावजूद ऐसी परिस्थिति में इस विद्यालय को संकलन केन्द्र बनाकर आफत केन्द्र बनाया गया है।

# नहाते समय तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत



बच्चों की मौत के बाद घटनास्थल पर जमा भीड़

अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के माता प्रसाद का पूरा गांव में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद शव को बरामद किया जा सका। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हंडिया के तिवारीपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई। यहां संदिग्ध हाल में दो मासूम तालाब में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे। इनमें से एक का नाम अंशु (10) और दूसरा यश (11) है। इनमें से एक के पिता गुजरात में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं।

**तालाब में शव उतराता दिखने पर मची सनसनी :** सुबह 8:15 बजे के करीब दोनों का शव गांव मेरी मछली पालन के लिए तालाब में उतराता मिला तो सनसनी फैल गई। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी पर पुलिस पहुंची और दोनों शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस अफसरों के मुताबिक परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जांच पड़ताल की जा रही है। एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल का कहना है कि फिलहाल परिजनों की ओर से तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि इन्हीं तीनों ने दोनों बच्चों को धक्का देकर तालाब में गिरा दिया। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी।

### मालगाड़ी के सामने कूदकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**जंघई।** क्षेत्र के जंघई प्रयागराज रेल मार्ग पर स्थित भोगीपुर गांव के पास शुक्रवार को एक युवक ने मालगाड़ी ट्रेन के सामने छलांग लगा दिया किन्तु घुटने के ऊपर दोनों पैर ट्रेन के पहिये की चपेट में आकर कट गए।जंघई पसियांन मुहल्ला निवासी पिंटू सरोज फूलपुर की ओर जा रही मालगाड़ी के सामने कूद गया। जिससे उसका पैर कट गया। सूचना पाकर जंघई रेल कर्मियों ने एम्बुलेंस से उपचार हेतु उसे प्रयागराज भेज दिया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### मसुरियन धाम का प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**लालापुर।** क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्धपीठ मसुरियन धाम में चैत्र नवरात्र में लगने वाले मेला का शुक्रवार के दिन सीओ बारा, एसडीएम बारा ने स्थानीय पुलिस के साथ निरीक्षण करते हुए दुकानदारों के साथ बैठक की इस बीच मेला प्रबंधन को परिसर में साफ सफाई कराने का निर्देश भी दिया गया। लालापुर के अमिलिया गांव स्थित मसुरियन धाम में चैत्र नवरात्र के मौके पर शनिवार के दिन से मेला शुरू हो रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार के दिन सीओ बारा नवल किशोर मिश्र, एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी और एसओ लालापुर शेर सिंह यादव मेला परिसर पहुंचे। इस बीच दोनों अधिकारियों ने मेला प्रबंधन और दुकानदारों से बातचीत की और समस्याओं से अवगत हुए। एसडीएम ने भरोसा दिया कि पीने के लिए पानी बिजली सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। साफ सफाई की बात करते हुए ग्राम प्रधान व मेला प्रबंधन को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई असुविधा ना हो। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की भी बात कही गई।

### सहायक अध्यापिका की विदाई समारोह पर भाव विभोर हुआ मौसम




**सोरांव।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय माधोपुर उर्फ सधनगंज के सहायक अध्यापिका लीला मिश्रा का शिक्षण कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बड़े ही धूम धाम से विदाई समारोह आयोजित किया। सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजीउद्दीन हासमी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के बच्चो ने अपने गुरु के विदाई पर आंखे नम करके विदाई गीत भी गाए। तथा नृत्य के साथ- साथ सांस्कृति प्रोग्राम भी किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोरांव ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज ने अपने संबोधन में गुरु और शिष्य की महिमा का बहुत ही सुंदर ढंग से वर्णन भी किए। और अंत में शिक्षक लीला मिश्रा ने अपने संबोधन में बच्चों को गुरु और शिष्य का अनमोल रिश्ता बनाकर ज्ञान प्राप्त करने की बात कही। इस मौके पर ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार पटेल, गायत्री पाण्डेय, इंद्रावती, मालती रानी, बिंदुमती, विमलेश कुमार, वीना यादव, सरिता मौर्य, महिमा यादव, रोजगार सेवक संतलाल, कर्मचारी चंद्रशेखर,ज्योति, संग विद्यालय की सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# पुरातन से नवीनतम की ओर बढ़ना हमारी परंपरा रही है: रश्मि अरोड़ा

### पुरातन छात्रों व अभिभावकों से विद्यालय प्रबंधन ने की गहन मंथन, सण्डवा प्राथमिक विद्यालय का पूर्ण हुआ 60 वर्ष

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** प्रयागराज जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित सण्डवा कला प्राथमिक विद्यालय पूरे 60 वर्ष का हो चुका है। इन 60 वर्षों में प्राथमिक विद्यालय की गति हमेशा निरंतर ही बढ़ती गई। विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा अच्छी शिक्षा दीक्षा व शिष्टाचार की वजह से हमेशा अव्वल नंबर पर रहा है। इस प्राथमिक विद्यालय की सराहना संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा भी किया जा चुका है। विद्यालय के बच्चे कला, संस्कृति आदि में भी अव्वल श्रेणी में आकर नाम रोशन करने में लगे हैं। वहीं पुरातन छात्र भी विभिन्न पदों पर काबिज हैं और अपने कर्तव्यों का पालन करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रश्मि अरोड़ा के नेतृत्व में गुरुवार को प्रबंधन समिति, अभिभावक, अध्यापक एवं पुरातन छात्रों की बैठक आयोजित कर गहन मंथन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय से पढ़ने वाली बिंदु ओझा व अशोक मिश्रा ने मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं प्रधानाचार्या रश्मि अरोड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा मिले इसके लिए वह अपनी सहयोगी शिक्षिकाओं के साथ हर संभव प्रयास करती हैं। उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार प्रकट किए। आगे कहा की पुरातन से नवीनतम की ओर बढ़ना हमारी परंपरा रही है। पुरातन छात्रों के साथ बैठक कर शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों में एक अलग ऊर्जा उत्पन्न होती है। अतिथि के रूप में पत्रकार एवं नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रयागराज महानगर मुख्य महासचिव सुनील गिरि ने समस्त मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा गुरु ही प्रदान कर सकते हैं। अच्छी शिक्षा दीक्षा के साथ ही शिष्टाचार प्राप्त होने पर हम समाज में एक अलग पहचान बनाने में कामयाब होते हैं। वहीं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय गिरि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं विद्यालय के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र व छात्रों के द्वारा अच्छे प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रश्मि अरोड़ा, शिक्षक संकुल स्वाति सिंह, सहायक अध्यापिका सरिता कुमारी, रूपा कनौजिया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बीना समेत कई लोग मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट में गवाही देने आई युवती से सामूहिक दुष्कर्म

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक मामले में गवाही देने आई युवती के साथ सिविल लाइंस के एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म की बात सामने आ रही है। आरोप है कि युवती को खाने में नींद की गोलियां दी गईं और जब वो बेहोश हो गई तो उसके साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।यही नहीं आरोपियों ने युवती की वीडियो भी बना ली और उसे दिखाकर मनमाफिक गवाही भी डरा-धमकाकर दिला ली। सिविल लाइंस थाने में पीड़िता ने शुक्रवार रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि यह घटना एक माह पूर्व की बताई जा रही है।

**हाईकोर्ट गवाही देने आई थी युवती :** पीड़िता गोरखपुर की रहने वाली बताई जा रही है। उसने सिविल लाइंस थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि वह एक मुकदमे के सिलसिले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए आई थी। उसकी गवाही होनी थी। गोरखपुर के धर्मशाला निवासी बृजेश कुमार उसे गवाही के लिए अपने साथ लेकर आया था। वे सिविल लाइंस के एक होटल में रुके थे। वहां दोनों ने साथ में खाना खाया। खाना खाने के बाद मुझे कुछ याद नहीं रहा।खाने में नींद की गोलियां मिला दी गई थीं। जब मुझे होश आया तो मेरे कपड़े बिखरे पड़े थे। युवती का आरोप है कि उसे नींद की गोली देकर उसके साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। बाद में उसे वीडियो दिखाकर उसे वायरल करने की धमकी दी गई। अपने हिसाब से हाईकोर्ट में गवाही भी दिलाई गई। मना करने पर फिर मारपीट और दुष्कर्म किया गया।

**आरोपी के चचेरे भाई के खिलाफ गोरखपुर में दर्ज है मुकदमा :** सिविल लाइंस इंस्पेक्टर का कहना है कि तहरीर मिली है। इस मामले की जानकारी की जा रही है कि युवती के आरोपों में कितने सच्चाई है। फिलहाल युवती ने आरोपी ब्रजेश कुमार के चचेरे भाई के खिलाफ गोरखपुर में पहले से ही धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज करा रखा है। इसी मामले में युवती ब्रजेश के साथ गोरखपुर से प्रयागराज आई थी। सूत्रों के मुताबिक आरोपी ब्रजेश के भाई के ऊपर युवती द्वारा लगाए गए दुष्कर्म के आरोप के मामले में युवती की गवाही होनी थी।ब्रजेश ने युवती से वादा किया था कि अगर वो इस मुकदमें में उसके मुताबिक गवाही दे देती है तो वह उसकी और उसके चचेरे भाई की शादी करा देगा।बाद में युवती ने ब्रजेश के ऊपर भरोसा करके गवाही तो उसके अनुसार दे दिया लेकिन ब्रजेश अपने वादे से मुकर गया और दोनों की शादी नहीं कराई। इसी बात ये युवती ब्रजेश से नाराज है। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। क्या हकीकत है यह जांच के बाद ही सामने आएगा।

# यातायात डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी लागू

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फाफामऊ में चन्द्रशेखर आजाद सेतु प्रयागराज पुल के क्षतिग्रस्त एक्सपैंशन ज्वाइन्ट/फुटपाथ के रिपेयर एवं लेपन का कार्य एवं नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत फाफामऊ क्षेत्र में 14 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निमार्ण कार्य के दृष्टिगत फाफामऊ पुल पर वाहनों का आवागमन विनियमित किये जाने पर यातायात डायवर्जन का स्थान एवं वाहनों का आवागमन रूटों पर यातायात का अत्यधिक दबाव होने के दृष्टिगत शहर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ एवं सुगम संचालन के क्रम में जनपद प्रयागराज हेतु प्रस्थान/ आगमन करने वाले भारी/कॉमिर्शियल ट्रकों/ छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों को नो-इण्ट्री/ यातायात डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई है।

प्रतापगढ़ मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी/ कॉमिर्शियल/ ट्रकों/ छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों को सोरावं बाईपास से सहसों बाईपास-अंदावा चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-जीटी जवाहर चौराहा होते हुए अपने गतंव्य को जायेंगें। लखनऊ/रायबरेली मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी/ कॉमिर्शियल/ ट्रकों/छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों को नवाबगंज बाईपास से सहसों बाईपास-अंदावा चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-जीटी जवाहर चौराहा होते हुए अपने गतंव्य को जायेंगें। इस अवधि में चन्द्रशेखर आजाद सेतु पर केवल दो पहिया वाहनों का संचालन किया जायेगा। इस अवधि में दोनों पाण्टून पुलों पर चार पहिया वाहन (हल्के प्राइवेट वाहन) का संचालन किया जायेगा। इस अवधि में चार पहिया वाहन (हल्के प्राइवेट वाहन) फाफामऊ पानी टंकी तिराहा से दाहिने-बेला कछार से पाण्टून पुल होते हुए महावीरपुरी कालोनी होते हुए अपने गंतव्य (शहर क्षेत्र में) को जायेंगें। इस अवधि में शहर क्षेत्र से लखनऊ/रायबरेली/प्रतापगढ़ जाने वाले चार पहिया वाहन (हल्के प्राइवेट वाहन) तेलियरगंज चौराहा से बांये-शंकर घाट कालोनी से पाण्टून पुल होते हुए बेला कछार से फाफामऊ पानी टंकी तिराहा होते अपने गंतव्य को जायेंगें। इस अवधि में शहर क्षेत्र से भारी/ कॉमिर्शियल/ ट्रकों/छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों का डायवर्जन लोक सेवा आयोग चौराहा से इण्डियन प्रेस-बालसन-जीटी जवाहर चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-अंदावा चौराहा-सहसों बाईपास होते हुए लखनऊ/ रायबरेली/ प्रतापगढ़ को जायेंगें। इस अवधि में शहर क्षेत्र से भारी/ कॉमिर्शियल /ट्रकों/ छोटे कॉमिर्शियल वाहनों व रोडवेज बसों का डायवर्जन लोक सेवा आयोग चौराहा से इण्डियन प्रेस-बालसन-जीटी जवाहर चौराहा-शास्त्री ब्रिज-झूसी-अंदावा चौराहा होते हुए जौनपुर/वाराणसी को जायेंगें।इस अवधि में कॉमिर्शियल सवारी छोटे वाहन (ई-रिक्शा, टैम्पों, आटो आदि) सिविल लाइन से तेलियरगंज चौराहा/गोविन्दपुर मोड़ तक संचालन कराया जायेगा। इस अवधि में कॉमिर्शियल सवारी छोटे वाहन (ई-रिक्शा, टैम्पों, आटो आदि) फाफामऊ क्षेत्र की तरफ से फाफामऊ बाजार होते हुए फाफामऊ पार्क तिराहा तक संचालन कराया जायेगा।तथा कॉमिर्शियल सवारी छोटे वाहन (ई-रिक्शा, टैम्पों, आटो आदि) का संचालन पाण्टून पुल पर पूर्णतया बंद रहेगा।

## नवरात्र में 10 अप्रैल तक नहीं खुलेंगी मांस की दुकानें

**शंकरगढ।** चैत्र नवरात्र को देखते हुए मीट-मांस विक्रेताओं को दस अप्रैल तक दुकान बंद रखने का आदेश दिया गया है। नगरपंचायत शंकरगढ़ प्रशासन ने नगर पंचायत के सभी मीट विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वह चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन, दो अप्रैल से दस अप्रैल के मध्य अपनी दुकानें बंद रखेंगे। नगर पंचायत के ईओ ने बताया कि यदि उक्त अवधि के दौरान क्षेत्र में मीट-मांस की दुकानें खुली हुई पाई गईं तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। ईओ ने बताया उक्त के संबंध में दुकानदारों को नोटिस भेज दी गई है। इसके अलावा उक्त आदेश का अनुपालन करवाने की जिम्मेदारी थानाध्यक्ष शंकरगढ़ को दी गई है।

# गर्मी में पंछियों के लिए दाना-पानी की करें व्यवस्था




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।भीषण गर्मी में आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। इस समस्या को समझते हुये मदर टेरेसा फाउंडेशन के नगर महासचिव व समाजसेवी गुफरान खान ने पंछियों को दाना-पानी के लिए 50 मिट्टी के प्याले विभिन्न स्थानों पर रखवाया जिसकी शुरूआत यमुना सेक्टर त्रिवेणीपुरम झूंसी पार्क से किया गया। इस दौरान आमनज से लेकर समाजसेवी लोगो ने इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। यह शपथ लिया कि पूरे गर्मी के मौसम में वह इन मिट्टी के प्यालो मे नियमित रूप से पानी व दाना रखेंगे।समाजसेवी गुफरान ने कहा इस भागदौड़ की जिंदगी में हम लोग ऐसे बेजुबान लोगों के बारे में नहीं सोच पाते, लेकिन समय का तकाजा ये कहता है कि हमें इनको अपने साथ लेकर चलना है। उन्होने सदस्यों को एक- एक मिटटी का प्याला देकर उसको अपने घर या छत पर रखने व उसमें दाना व पानी की मुकम्मल व्यवस्था करने को कहा, फाउंडेशन ऐसे कार्य आगे भी करता रहेगा। इस मौके पर? गुफरान खान,विनोद शर्मा,निशा मिश्रा,प्रियम शर्मा राजमणि आदि उपस्थित थे।

### बेजुबान पक्षियों के लिए दाना,पानी की व्यवस्था कर पुण्य कमा रहे युवा



**प्रतापपुर।** मार्च महीने के अंतिम सप्ताह से तेज धूप और भीषण गर्मी शुरू होते ही लोग गर्मी और धूप से बेहाल हो उठे है।धूप से बचने के लिए सुबह शाम ही निकल रहे जरूरी काम से अगर दोपहर में निकल रहे तो चेहरा हाथ ढककर निकल रहे वही इस तपती धूप और गर्मी की वजह से बेजुबान पशु-पक्षियो का भी हाल बेहाल है। नहर,तलाब,पोखरों में भी पानी न होने से गर्मी की प्यास से व्याकुल देखे जा सकते है।इस सब के बीच गाँव के एक युवा का प्रयास प्रशंसनीय है लोगो को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।भोगवारा ग्रामसभा के जनुआडीह खुर्द गाँव निवासी सूर्या यादव पशु-पक्षियो को लेकर काभी संवेदनशील रहते है और समाजसेवा और सामाजिक कार्य मे भी आगे रहते है वह गर्मी के दिनों में प्रत्येक सुबह उठकर सबसे पहले पक्षियो के लिए दाना डालते है और घर के आस-पास कई जगह उन्होंने पक्षियो के लिए पानी की व्यवस्था की है और प्रत्येक पिछले दिन बचे पानी बदलकर ताजा पानी भरते है इसमें उनकी मदद उनके चचेरे भाई राकेश यादव भी बखूभी करते है सूर्या यादव कहना है कि पक्षियो का कलरव उन्हें बहुत सुखद लगता है उनकी माता विभा देवी जी का कहना है बेजुबान पशु पक्षियो को दाना पानी देना पुण्य का कार्य है।गर्मी के दिनों हर घर की छत पर किसी बर्तन में पानी रखना चाहिए जिससे बेजुबान प्राणी अपनी प्यास बुझा सके।सूर्या के इस नेक नेक कार्य की क्षेत्र में चर्चा है और लोग प्रेरित होकर पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशील हो रहे है।

# चैत्र नवरात्रि के पहले नगर निगम ने चलाया सफाई अभियान

### दुकान जी करते रहे लोगों को जागरूक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** चैत्र नववर्ष नवरात्रि के प्रारम्भ होने से पहले नगर निगम द्वारा सभी मन्दिरों के आसपास विषेष सफाई अभियान चलाया गया 2 अप्रैल से भारतीय संस्क्रति का नववर्ष का और नौ दिन तक सभी मन्दिरों में भक्तों के दर्शनार्थ किसी प्रकार की कोई आसपास गन्दगी न रहे ईसके लिए सभी जोनल अधिकारी निरिक्षण कर सफाई की विशेष व्यवस्था वनाये रखने के लिए मन्दिर परिसर मन्दिर के आसपास सफाई कर्मी द्वारा चूना छिड़काव फागिग गेमेक्सीन रोज करने की व्यवस्था बनाए रखने के लिये कहा साथ ही मन्दिर के व्यवस्थापक से सभी चढाये गये माला फूल दूसरे दिन एक जगह एकत्र कराये जिससे पूरा मन्दिर साफ स्वच्छ बना रहे और आने वाले भक्तों से लाये गये सामग्री मे बचे हुए सामग्री को इधर उधर न फेके उसे जगह-जगह पर रखे डस्टबिन में डाले ईसी कडी मे नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी मन्दिरों में लोगों को पालिथिन न इस्तेमाल करने के लिए कहा उसके स्थान पर कागज के कप ग्लास पत्तल का ही प्रयोग करे जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 प्रयागराज को नम्बर वन बनाने के लिए स्वच्छता के प्रति नगर निगम का सहयोग करे यह जानकारी प्रेस को दुकानजी ने दिया।



गरीबो एवं बच्चों और असहायों की बिस्कुट और टॉफी का वितरण करते

### गरीबों की सेवा करना ही हमारा सबसे बड़ा धर्म : श्वेता गुप्ता

**सिरसा।** प्रयागराज झुंसी आवास विकास कालोनी में गरीबों एवं असहायों और बच्चों के बीच मे बिस्कुट और टॉफी का वितरण किया गया। गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुष्प कार्य नही है। हर सामर्थवान ब्यक्ति को गरीबों और असहायों की मदद के लिए आना चाहिए। ये बाते श्वेता गुप्ता कहती हैं कि गरीबों की सेवा करना बड़ा पुनीत और धार्मिक कार्य हैं, मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। एक दूसरे के सहयोग से स्वच्छ व बेहतर समाज का निर्माण होता हैं। श्वेता गुप्ता कहती हैं कि जब इंसान हमे मनुष्य का जन्म दिया तब ही उसने हमें इस लायक बना दिया और इस जीवन के लोगो की मदद में लगना चाहिए। श्वेता गुप्ता ने गरीब एवं बच्चों और असहाय को बिस्कुट और टॉफी का वितरण किया। जिसे पाकर लोगो के चेहरे पर मुस्कान खिल उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी विनोद विश्वकर्मा (पत्रकार) ने कहा कि इस दुनिया मे अपने और अपने परिवार के लिए तो हर कोई जीता है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपना जीवन गरीब और असहाय लोगो की मदद मे गुजर देते हैं। गरीब और असहाय लोगो की मदद करने से मिलता हैं सकून। जीवन मे हालतों से बेहतर कोइ प्रेरणा नहीं हैं।

# रक्तदान एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** शुक्रवार को यूफोरिएल युथ सोसाईटी एवं ई० मोटर्स सेल्स के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान एवं जागरूकता शिविर का आयोजन नवाब यूसुफ रोड पे स्थिति ई० मोटर्स सेल्स के शोरूम प्रांगण में किया गया। इस रक्तदान शिविर में रक्तसंकल्प प्लेज पार्टनर के रूप में मौजूद रह। इस रक्तदान जागरूकता शिविर में 50 से अधिक लोगो ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया एवं जागरूक होकर रक्तदान भी किया। इस शिविर में यूफोरिएल युथ सोसाइटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष देवेश जायसवाल ने मौजूद लोगों को रक्तदान के महत्व एवं उससे जुड़ी शारीरिक व मानसिक फायदे को बताते हुए जागरूक किया एवं फैले हुए मिथ्या को तोड़ा। इस कड़ी में रक्तसंकल्प के संस्थापक रवित सचदेव ने रक्तसंकल्प के मिशन 2025 के बारे में मौजूद लोगों को बताया जिसपे यूफोरिएल युथ सोसाईटी एवं रक्तसंकल एक साथ मिलकर काम कर रही है।जिसके तहत शहर प्रयागराज को शत प्रतिशत ब्लड वोलंटरी डोनर शहर बनाने का मुमकिन प्रयास कर रहे हैं। ये मिशम 2025 सफल होने के बाद शहर के हर ब्लड बैंक में प्रर्याप्त रक्त मौजूद रहेगा जिसके कारण किसी भी जरूरतमंदो को अपने मरीज की जान बचाने के लिए दलालो का सहारा नही लेना पड़ेगा। इस कार्यक्रम के दौरान अतिथि के तौर पर अमित बनर्जी, कैप्टेन सईद मोहम्मद नकवी, सईद अस्करी और सोफिया लॉरेंस के ओम प्रकाश चौरसिया मौजूद रहे। साथ में यूफिरिअल युथ सोसाइटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष देवेश जायसवाल,मेडिकल अफसर मनोज त्रिपाठी, पीआरओ गगन सिंह,अमन कुमार ,विशाल जायसवाल, सात्तिवक जायसवाल और रक्तसंकल्प से संस्थापक रवित सचदेव,अभिनव मित्तल,श्लोक, वंशीता, सोनल, आदित्य,षअनन्या, निशांत,नवनीत मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन के पूरे टीम क पूर्ण सहियोग मिला। इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में ई० मोटर सेल्स शोरूम के मालिक सरताज आलम उनकी पत्नी अर्चना जायसवाल जी का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### नव संवत्सर पर शोभा यात्रा रविवार को

**सहसों।** वासंतिक नवरात्रि एवं नव संवत्सर के पावन के अवसर पर तीन अप्रैल रविवार को अपराह्न बाद मां दुर्गा की मूर्ति के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा श्री राम जानकी मंदिर सहसों से प्रारम्भ होकर सहसों बाजार, पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज से होते हुए बाईपास से सहसों चौराहा जाकर हनुमानगंज रोड पुलिस चौकी से झूंसी रोड होकर सहसों गोल चौराहा के बगल पुराना कोल्ड स्टोर पर समापन होगा। शोभायात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्र, धार्मिक झांकियां सहित क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी मां दुर्गा शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने दिया।

### संचारी रोग के रोकथाम के लिए किया गया जागरुक

संचारी रोग की रोकथाम के लिए जागरूकता बैठक आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगौती में संचारी रोग की रोकथाम के लिए बैठक के माध्यम से विस्तार से चर्चा की गई बैठक में ग्राम पंचायत सचिव आदित्य पौडवाल, दीपक पटेल प्रधान, क्रान्ती पटेल, आशा सोनी, अमित कुमार, पंचम लाल आदि लोग उपस्थित रहे बैठक में उपस्थित लोगों को संचारी रोग के रोकथाम के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणो अवगत कराते जागरूक किया गया, इस मौके पर बडी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने गोवंश संरक्षण केन्द्र के साथ-साथ चल रहे निर्माण कार्यों का भी किया निरीक्षण

**गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश, निर्माण कार्यों में समयसीमा तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के डीएम ने दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री शुक्रवार को हण्डिया के लाक्षागृह में गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोवंशों की बेहतर ढंग से देखरेख किए जाने के लिए उप पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई तथा और वहां पर शेड बनाने के निर्देश दिये तथा जो गोवंश अस्वस्थ है, उन्हें चिन्हित कर अलग रखने तथा उसका समुचित उपचार करने के निर्देश दिये है तथा गोवंशों के लिए भूसा, चुनी, चोकर की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थल में गोवंशों के लिए 5 से 6 माह तक का भूसा एकत्र करके रखने के लिए कहा है। उन्होंने लाक्षागृह गोवंश संरक्षण केन्द्र को मॉडल गोवंश संरक्षण के रूप में बनाने के निर्देश दिये है। उन्होंने वहां उप पशुचिकित्साधिकारी से गोवंशों को दी जाने वाली दवाईयों की जानकारी ली तथा दवाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने लाक्षागृह में पर्यटन विभाग द्वारा बनवाये जा रहे निर्माण कार्यों को भी देखा तथा वहां प्रयोग किये जाने वाली सामाग्री का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनजर को सख्त निर्देश दिये कि तय समयसीमा एवं गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा, नहीं तो सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने ग्राम चक-अब्दुला तहसील हण्डिया में कराये जा रहे राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल एवं यूपी सिडको के प्रोजेक्ट मैनजर को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र निर्माण कार्य को पूर्ण कराये जाने निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हण्डिया तथा सम्बन्धित अधिकारीगणों के साथ-साथ कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


गोवंश संरक्षण केन्द्र के साथ चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## न्यूज झरोखा

### सार्ट सर्किट से लगीं आग से फसल जल कर राख



**लेडियारी।** क्षेत्र के खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटघर बहरैचा गांव के ग्राम प्रधान के परिवार के लोगों के गेहूं के फसल बिजली के सार्टसर्किट होने के कारण चिन्गारी तार से गिरने से खडी फसल जल कर नष्ट हो गई पास परोस के लोगों के मदद से आग पर काबू पाने में सफल हो गए किसानों ने खीरी थाना प्रभारी को अवगत कराया तो तत्काल सग्यान में लेते हुए फायर ब्रिगेड को मगाया लेकिन इससे पहले गांव के लोगों ने बहादुरी दिखाते हुए आग को बुझाने में सफल हो गए थे आपको बताते चलें कि चार किसानों की फसल जली हुई है जो इस प्रकार से किसानों का नाम है कृष्ण कुमार तिवारी वह शिव कुमार तिवारी पुत्र गण शम्भू प्रसाद तिवारी एवं शंकर दयाल तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी व पीयूष कुमार तिवारी पुत्र शिव कुमार तिवारी भुक्त होगी किसानों ने मुवावजे की मांग प्रसासन से किये है।

### डेलौंहा गांव मे लगी आग से तीन बीघे गेहूं की फसल राख



**मेजा रोड।** मेजा के डेलौंहा गांव मे अज्ञात कारणों से लगी आग से लगभग तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के डेलौंहा गांव निवासी होरी लाल पटेल, अमर चन्द्र पटेल व राम आसरे पटेल के खेत मे शुक्रवार को दोपहर एक बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग जाने से तकरीबन तीन बीघा गेहूं की तैयार फसल जल कर खाक हो गई। घर से दूर एक किमी दूर खेत में आग की सूचना मिलने पर पीड़ित को खेत तक पहुंचने पर फसल पुरी तरह जल राख हो गई। वहीं पीड़ित किसान की मेहनत जलकर राख हो जाने से किसान मायूस हो गया और आंखों में आसू आ गए।

### अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर हुए घायल



**झूंसी।** स्थानीय क्षेत्र के वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक फिसल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर जुटी भीड़ ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर दोनों की हालत गंभीर बता रहे हैं। हण्डिया के आसेपुर निवासी अतुल कुमार दुबे 40 कोहना गांव में अपने मौसी के घर रहता है। शुक्रवार की दोपहर वह अपने एक साथी के साथ बाइक से शहर की ओर जा रहा था न्याय नगर गेट के सामने जीटी रोड पर कार को ओवरटेक करने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई दोनों युवक छिटक कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के ईएमटी संतोष भारतीय व चालक इंद्रजीत यादव ने घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़,सामान चोरी



**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सहसों में गुरुवार की रात मौका पाकर अज्ञात चोरों ने स्टोर रूम का ताला तोड़कर उसमें रखा इनवर्टर बैटरा एवं खेलकूद का सामान चोर उठा ले गए। शुक्रवार की सुबह विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पाण्डे ने जब विद्यालय पहुंचे तो देखा कि स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ है। और उसमें रखा अभिलेख भी बिखरे पड़े हुए थे। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि विद्यालय का इनवर्टर बैटरा तथा खेलकूद का सामान भी गायब है। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज सहसों दयाराम ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की तथा शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पाण्डे ने पुलिस थाने में जाकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडे ने कहा कि यदि तीन दिन में चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो इसके लिए शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### टेबलेट पाकर छात्रों के चेहरे पर खुशी



**सहसों।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के घोषणा के अनुसार निःशुल्क टैबलेट वितरण योजना के माध्यम से अध्ययनरत व्यवसायिक पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट या स्मार्टफोन मिलने से अध्ययनरत छात्र छात्राओं में अत्यंत खुशी है। इसी प्रकार शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी आईटीआई कॉलेज सहसों में अध्ययनरत छात्रों में संस्थान के निदेशक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल के हाथों निःशुल्क टैबलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए यह टेबलेट निश्चित रूप से बहुत ही उपयोगी है छात्र गंण इसका सही दिशा में उपयोग कर इसका लाभ उठा सकते हैं। निःशुल्क टेबलेट पाकर छात्रों में बेहद प्रसन्नता दिखाई दिया। सभी छात्र खुशी का इजहार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। छात्रों ने कहा देश एवं प्रदेश में ऐसे नेतृत्व वाली सरकार पर हम सभी छात्र छात्राओं को गर्व है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर के के सिंह, अनुपम सिंह, इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, वी पी सिंह, सरोज सिंह, राजेन्द्र विश्वकर्मा सहित संस्थान के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्र आज से, शुभ मुहूर्त में करें कलश स्थापना

आलोक गुप्ता

**सुबह 8.26 बजे तक रहेगा ऐंद्र योग, 11.59 बजे से बदल जाएगी तिथि**

**नवरात्र की खरीदारी के लिए पूजन सामग्री की दुकानों पर उमड़ी भारी भीड़**



**शंकरगढ़।** चैत्र नवरात्र दो अप्रैल आज से शुरू हो गया है।आज से ही हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2079 का शुभारंभ हो रहा है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के लिए सुबह के समय सबसे उत्तम मुहूर्त है। सुबह 8.26 बजे तक भक्तगण ऐंद्र योग में कलश स्थापना कर सकते हैं। हालांकि इसके बाद दोपहर में अभिजीत मुहूर्त 12.07 बजे से 12.55 बजे तक है। इस दौरान भी कलश स्थापित किया जा सकता है। चैत्र नवरात्र के शुरू होने के पहले शुक्रवार को पूजन सामग्री और फलों की बिक्री में खासी तेजी देखी गई। देवालयों के साथ-साथ सभी बाजारों में पूजन सामग्री की अस्थाई दुकानें भी लग गई हैं, जिनपर भारी संख्या में लोगों ने खरीदारी की।

पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि यह शक्ति की आराधना का पर्व है। चैत्र नवरात्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा की उदया तिथि आज है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरूआत हो रही है। नवरात्र का समापन 11 अप्रैल को किया जाएगा। पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि पूरे नौ दिन मां के विभिन्न स्वरूपों की विधि-विधान से आराधना की जाएगी। कलश स्थापना के लिए सुबह का समय सबसे उत्तम है। बताया कि सुबह 8.26 बजे तक ऐंद्र योग बन रहा है। इसके पूर्व घट स्थापना सर्वोत्तम रहेगी। हालांकि दोपहर में अभिजीत मुहूर्त (12.07 बजे से 12.55 बजे तक) में भी कलश स्थापना की जा सकेगी। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन प्रयागराज में घट स्थापना के साथ-साथ प्रथम दिन मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। इस बार जगत जननी मां जगदंबा घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं। मान्यता है कि नवरात्र में जगतजननी मां जगदंबा का व्रत रखने और पूजन करने से काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार से मुक्ति मिलती है और सुख में वृद्धि होती है। पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि दुष्टों का संहार करने वाली मां दुर्गा की आराधना पूरी श्रद्धा और निष्काम भाव से करनी चाहिए। बताया कि माता की आराधना में भक्तगण रोली, अक्षत, लाल फल, पुष्प, लौंग, इलायची, नारियल, कपूर, मिष्ठान और पंचामृत अर्पण करने से सभी प्रकार की इच्छाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान अखंड ज्योति भी जलाएं।

**हिंदू नववर्ष पर होगा विशाल हवन :** यमुनापार के आर्य राम वाटिका शंकरगढ़ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पंडाल में हिंदू नववर्ष के मौके पर विशाल हवन-पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। कथावाचक आचार्य विकास महाराज ने बताया कि विक्रम संवत 2079 के शुभारंभ मौके पर पूजन अर्चन के साथ नये साल की आगवानी की जाएगी। इसके लिए कथा पंडाल में ही विशाल हवन-यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से हवन-यज्ञ में आहुति डालने का अनुरोध किया है।



नवरात्रि की पूर्व संध्या जगमगाती बुड्ढी मैया की मंदिर

### रंगबिरंगी रौशनी से नहाए माता के दरबार

**झूंसी।** क्षेत्र के मंदिरों में नवरात्रि महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है हर तरफ पूरा वातावरण भक्ति मय नजर आ रहा है। मंदिर रंग बिरंगे फूलों से सज गए है। शाम होते ही चमचमाती झालर से सजे माता के दरबार जगमगा उठे। नवरात्रि के प्रथम दिन शनिवार को कलश स्थापना के साथ मंदिरों, घरो में माँ शैल पुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की जायेगी। शुक्रवार को पूरे दिन श्राद्धालु मन्दिरो व घरो की साफसफाई में लगे रहे। बाजारों में भी रोनक नजर आई पूजा प्रसाद की दुकानों पर अधिक भीड़ रही। नवरात्रि की पूर्व संध्या जगमगाते माता के दरबार व बज रहे भक्ति गीत से पूरा क्षेत्र गुंजमान रहा।

# मजदूर नेताओं ने की मांग पीएम व सीएम तक पहुंचाई जाए उनकी बात

**बीपीसीएल बचाओ संघर्ष समिति ने सांसद व कैबिनेट मंत्री से लगाई गुहार**

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीपीसीएल के मुख्य गेट पर शुक्रवार सायं काल लगभग 4:00 बजे उक्त कंपनी को बचाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इलाहाबाद सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी, फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ₹नंदी₹ व करछना विधानसभा क्षेत्र के विधायक पियूष रंजन निषाद शामिल रहे। उक्त जनप्रतिनिधियों के साथ बीपीसीएल बचाओ संघर्ष समिति के साथ एक सभा हुई। जिसमें कंपनी के वर्तमान स्थिति से उक्त लोगों को अवगत कराया गया और मौजूद जन प्रतिनिधियों समेत नेताओं से निवेदन किया गया कि उनकी आवाज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी एवं राज्य सरकार के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ तक पहुंचाया जाए। जिससे सभी कर्मचारियों का कल्याण हो सके और बीपीसीएल कंपनी को बचाया जा सके। वहीं किसी भी कीमत पर कंपनी के मशीनों के स्क्रैप जॉब नहीं बेचने दिया जाएगा। क्योंकि अभी भी कई कर्मचारियों मानदेय बाकी है। इस पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में बीपीसीएल बचाओ संघर्ष समिति बैनर तले सड़क से लेकर विधानसभा व संसद भवन तक आंदोलन करने के लिए कर्मचारी बाध्य हो जाएंगे। इस दौरान योगेंद्र शुक्ला, आरएलडी दुबे, पंकज त्रिपाठी, राजेश गिरि, ओम प्रकाश मिश्रा, भोला नाथ यादव, जयशंकर मिश्रा, यशवंत शर्मा, पीके पांडेय, मंगलम, अनिल कुमार, राज कुमार तिवारी, राजेश तिवारी, गया प्रसाद यादव, श्रीपत यादव, शिव प्रसाद यादव, अनिल यादव समेत दर्जनों की संख्या में मजदूर नेता मौजूद रहे।

# पं. माखनलाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान का आयोजन 3 अप्रैल को नैनी में

**भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील करछना इकाई का शपथ ग्रहण भी होगा**

**करछना।** हिंदी पत्रकारिता जगत के विख्यात पत्रकार व कवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की स्मृति में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई करछना द्वारा पंडित चतुर्वेदी जी के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर 3 अप्रैल 2022 को प्रातः 11 बजे से आनंद नगर नैनी प्रयागराज में पत्रकार साहित्यकार सम्मान एवं होली मिलन कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर तहसील इकाई करछना का शपथ ग्रहण भी रखा गया हैपी एन पब्लिक स्कूल आनन्द नगर राजकीय आई टी आई स्कूल की पूर्वी चहारदीवारी के बगल से मिजार्पुर रोड से दक्षिण की तरफ लगभग 200मीटर अंदर जाकर आनंद नगर है जहाँ पर रोड से लगा हुआ पी एन पब्लिक स्कूल आनन्द नगर है। समारोह की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उत्तर प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा जी करेंगे और मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मुनेश्वर मिश्र जी होंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया प्रयागराज मंडल इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार पांडेय जिला इकाई प्रयागराज के अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी सहित भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के अन्य कई वरिष्ठ पदाधिकारी होंगे स्थानीय पत्रकारों कवियों साहित्यकारों को सादर आमंत्रित करते हुए करछना इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई द्वारा पत्रकारों को पंडित माखनलाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा समारोह में नए पत्रकारों को सदस्यता भी प्रदान की जाएगी पांडेय जी ने बताया कि पी एन पब्लिक स्कूल आनंद नगर में रविवार 3 अप्रैल को आयोजित 11:00 बजे से आयोजित उक्त समारोह में स्थानीय गण अमान नागरिकों सहित समाजसेवियों चिकित्सकों अधिवक्ताओं पत्रकारों कवियों लेखकों और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का अभिनंदन होगा समारोह में उपस्थित पत्रकार बंधुओं को विशेष रुप से सम्मान पत्र भेंट किया जाएगा।

# पाली हाउस से किसानों की आय होगी दोगुनी : डॉ विजय बहादुर राजवाड़े

अखंड भारत संदेश

**पसना।** एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय पॉली हाउस में विभिन्न प्रकार की सब्जियों की अगेती खेती एवम उसका प्रबंधन। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं शुआट्स कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा सम्पन्न हुआ। किसान गोष्ठी का आयोजन दीप प्रज्वलित एवं ईश्वर से प्रार्थना के साथ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सूआट्स कृषि विश्वविद्यालय नैनी के कृषि विश्वविद्यालय के उद्यान विभागाध्यक्ष डॉ विजय बहादुर राजवाड़े ने बताया की आज इजरायल खेती के मामले में काफी तरक्की कर गया है जबकि ना तो उसके पास में पानी है, ना अच्छी मिट्टी है। जबकि हमारे पास यह सभी सारी चीजें मौजूद हैं इसके लिए उन्होंने किसानों को पाली हाउस के अंदर विभिन्न प्रकार की सब्जियों की नर्सरी फूलों की नर्सरी फलों की नर्सरी करके अच्छी आमदनी कर सकते हैं किसान चाहे तो पाली हाउस वह स्वयं भी तैयार कर सकते हैं इसके लिए वह बांस का संरचना बना ले और उसको पॉलिथीन से ढक दें और उसमें अगेती सब्जियों की खेती करके आय को दोगुना से भी अधिक कर सकते हैं। इस अवसर पर निदेशालय निदेशक अनुसंधान प्रोफेसर डॉ शैलेश मारकर ने ऑनलाइन माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए




पॉली हाउस किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। इस अवसर पर शुआट्स कृषि विश्वविद्यालय के उद्यान विभागाध्यक्ष डॉ विजय बहादुर राजवाड़े ने बताया की पॉलीहाउस के माध्यम से किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है । क्योंकि पॉलीहाउस में जैविक तरीके से विपरीत मौसम में भी संरक्षित शिमला मिर्च की खेती कर अधिक उपज के साथ गुणवत्ता युक्त सब्जियों की अधिक पैदावार ली जा सकती है। उद्यान वैज्ञानिक डॉ अतुल यादव ने बताया कि पोली हाउस के अंतर्गत बोई जाने वाली खीरे की संरक्षित व वैज्ञानिक विधि से अगेती खेती करके अधिक दाम पर बिक्री करके लाभ कमा सकते हैं। डॉ अनीता केर-केट्टा ने टमाटर की संरक्षित खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना से शुरू हुआ सभी अतिथियों का माल्यार्पण किया गया तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से किसानों को पॉलीहाउस की विभिन्न तकनीकीयों से अवगत कराया गया इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्री अवध बिहारी कुशवाहा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए पालीहाउस उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है तथा शुआत्स कृषि विश्वविद्यालय नैनी एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने किसान श्री बाबू नंदन सोनकर जी के यहां बन रहे पाली हाउस के निर्माण की समीक्षा भी किया।इस अवसर पर श्री जय नारायण, प्रबंधक मेजा कान्वेंट स्कूल ने आए हुए सभी कृषि बैज्ञानिको का स्वागत किया व इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर होते रहना चाहिए इससे किसान इसका अधिक से अधिक लाभ ले सके। कार्यक्रम की सफलता के लिए रामसिंह ने विभिन्न प्रयास किए कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ वीरेंद्र सोनकर एवं संचालन शशिकांत पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गतिशील किसान श्री कृष्णाकांत, जगदीश मास्टर, सुभाष, संजय, आकाश वर्मा, मुन्नी देवी, रामचन्द्र सोनकर, विनोद कुमार, आशीष कुमार सहित लगभग सैकड़ों किसान उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाया अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# संतुलित एवं पौष्टिक आहर स्वास्थ्य का खजाना है : बीईओ

**राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का कौड़िहार बीआरसी में हुआ आयोजन, आयुष्मान भारत योजना के तहत 54 शिक्षकों के दो बैच में चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन, प्रशिक्षुकों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित**

**लालगोपालगंज।** कौड़िहार संसाधन केंद्र पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दो अलग-अलग बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। स्वस्थ्य और शारीरिक कोशिकाओं से संबंधित से शिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कौड़िहार बीआरसी में अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। 7 मार्च से 10 मार्च तक पहला बैच आयोजित हुआ। पश्चात 29 मार्च से एक अप्रैल तक दूसरा भेज चलाया गया। सीएचसी प्रभारी दीपक तिवारी और बीईओ कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 5454 अध्यापकों के दो अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण दिया गया। जिसके समापन पर शुक्रवार को बीईओ ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यालय में



कौड़िहार बीआरसी में प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र देते खंड शिक्षा अधिकारी ओपी मिश्रा।

किशोरावस्था के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिनको स्वच्छता एवं शुद्धता का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। स्वच्छता अपनाने के बाद संतुलित एवं पौष्टिक आहार उनके स्वास्थ्य का खजाना है। डॉक्टर ओम एवं डॉक्टर आशीष संदर्भ दाता के रूप में मौजूद रहे। शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, मंत्री बालेंद्र पांडे, अनिल पांडे, धीरेंद्र श्रीवास्तव, आराधना आदि उपस्थित रहे।


चांदी का मुकुट पहनाते हैं सुधीर कुमार साहू उर्फ बउआ

### सांसद संगम लाल गुप्ता को सांसद प्रतिनिधि सुधीर कुमार साहू ने चांदी का मुकुट बनाकर जन्मदिन की दिए बधाई

**प्रयागराज।** शुक्रवार को सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगम लाल गुप्ता जी के 51 वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रतापगढ़ कटरा मेदनीगंज आवास पर सुधीर कुमार साहू अपने समर्थकों के साथ जाकर चांदी का मुकुट पहनाकर जन्मदिन की बधाई दिए।जन्मदिन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सुधीर कुमार साहू बउआ के साथ आशीष मौर्य उर्फ पिंटू,विवेक उपाध्याय, कमलेश मिश्र गड़ैया, संजय साहू,अनिल साहू,मामू जी,सुबोध साहू,राजीव साहू,मंगला केशरवानी, सुभाष, गोलू,राजा,सूरज केशरवानी, बंटू सिंह,चैन सिंह,बजरंग बहादुर सिंह,आदि गणमान्य और सम्मानित लोग उपस्थित होकर सभी ने ईश्वर से माननीय सांसद संगम लाल गुप्ता के स्वस्थचित्त आनन्द और दीघार्यु की ईश्वर से मंगलकामना किये।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया एनुअल डे

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास क्षेत्र करछना के प्राथमिक विद्यालय ककरम का एनुअल डे शुक्रवार को बहुत धूमधाम व बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। सब्जी बन कर बच्चों ने जहां भाव नृत्य प्रस्तुत किया ।जिसको लोगों की ओर से खूब सराहा गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण व सरस्वती वंदना से हुआ । छात्राओं की ओर से स्वागत गीत के सहित देश गीत भक्ति गीत लोकगीत ब्रज गीत आदि सहित नृत्य की खूब जमकर प्रस्तुतियां हुई। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। वहीं बच्चों की ओर से सामूहिक रूप से प्रस्तुत भाव नृत्य पर खूब तालियां बजी ।इसके बाद कक्षा 5 की छात्रा स्वाति कोटार्य ने स्वागत भाषण अंग्रेजी में दिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 4 की छात्रा कात्यायनी मिश्रा ने किया ।वहीं सत्रांत 31 मार्च को सेवानिवृत हुई विद्यालय की शिक्षिका अजरा बेगम को विदाई भेंट आदि दी गई। इसके साथ ही साथ विद्यालय के पुरा छात्र कपिल देव व हौसला प्रसाद को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया ।और वर्ष पर्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ अभिभावकों को भी विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मोनिका द्विवेदी ने नए सत्र की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को उनके कार्यों और दायित्वों से परिचित कराती हुई वर्तमान समय में उनको विद्यालय को किस प्रकार आगे ले जाना है ।ये गुण भी सिखाए। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करती हुई धन्यवाद ज्ञापित किया । प्रधानाध्यापिका मोनिका द्विवेदी की ओर से बच्चों को उपहार देकर उन्हें पुरस्कृत व सम्मानित किया ।इस मौके पर धरवारा की संकुल प्रभारी रूश्दा नाहिद ग्राम प्रधान ककरम प्रतिनिधि अमित मिश्र विवेक मिश्रा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण पांडेय शादाब बानो सुषमा पांडेय समीक्षा यादव शबनम खानम देवेंद्र कुमार रुपानी श्रीवास्तव रूपाली मिश्रा विनीता शुक्ला सुनीता वर्मा अर्चना तिवारी पूर्णिमा नीलम संतोष कुमार नीरज पटेल रश्मि शर्मा महेश चौरसिया दीपिका मोनिका नीलम सिंह रावेंद्र मिश्र राजीव सिंह विष्णु कांत कमल मिश्र पुष्पेंद्र शुक्ल पुष्पराज आदि लोग मौजूद रहे।


विद्यालय में उपस्थित छात्र एवं छात्राएँ शिक्षक व प्रधान

# सरकार का महंगाई पर नहीं रह गया नियंत्रणः डा0 लालजी

## महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महंगाई के खिलाफ प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत अंबेडकर चैराहा पर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

कांग्रेसजनों के द्वारा गैस के दाम कम करो, पेट्रोल डीजल का दाम कम कराने को जोरदार नारा लगाकर पेट्रोलियम मंत्री मुदार्बाद का नारा लग रहा था। जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार का महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है जिसके कारण आम जनता परेशान और बेहाल है। लगातार गैस और डीजल के दाम में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि उपयोग में आने वाली सभी वस्तुओं का दाम में लगातार बढ़ोत्तरी के कारण मध्यमवर्ग उपभोक्ता परेशान है। इस महंगाई का जवाब जनता आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता सरकार को करारा जवाब देगी।



अम्बेडकर चौराहे पर धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसीजन।

धरना प्रदर्शन में प्रशांत देव शुक्ल, डॉक्टर नीरज त्रिपाठी, कपिल द्विवेदी, वेदांत तिवारी नरसिंह मिश्रा रोहित शुक्ला बृजेंद्र मिश्रा आशुतोष तिवारी उत्सव भूषण पाल प्रेम शंकर द्विवेदी ज्योति कुमार तिवारी महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप करण पांडे रामचंद्र सिंह फतेह बहादुर सिंह जमुना प्रसाद पांडे सुनीता सिंह पटेल दिलीप गौतम सुरेश मिश्रा मोहम्मद इश्तियाक श्याम शंकर तिवारी मोहम्मद दिलशाद मौलाना वाहिद राम रतन तिवारी बैजनाथ यादव संदीप सिंह दिलीप गौतम हरिश्चंद्र सरोज उमेश मिश्रा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परशुराम जयंती पर हो सार्वजनिक अवकाश

### परशुराम सेना ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय परशुराम सेना एवं ब्राहमण समाज के सामूहिक तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस चार सूत्रीय ज्ञापन में भगवान परशुराम जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने, अधिवक्ता एक्ट का कानून बनाकर लागू करने, एससी/एसटी एक्ट समाप्त करने तथा परशुराम सेना के पदाधिकारियों को फरसे का लाइसेंस देने की मांग की गई है।

इस बारे में अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से भगवान व महत्वपूर्ण व्यक्तियों की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित किये गये हैं, परन्तु भगवान परशुराम की जयंती पर अवकाश घोषित नहीं है। परशुराम सेना व ब्राहमण समाज के लोगों ने मांग की है कि हम सबके आराध्य परशुराम जयंती पर तत्काल प्रभाव से अवकाश घोषित किया जाए अन्यथा परशुराम सेना आंदोलन के लिये बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। उक्त अवसर पर अरुण उपाध्याय, रामानुज मिश्रा, ओपी त्रिपाठी, रंजन शुक्ला, पंकज पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, शिवा पाण्डेय, विवेक सांई, शिवम श्रीवास्तव, सुमित मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, नवीन पाण्डेय, वीरेन्द्र पाठक, रंजय मिश्रा, हरीश शुक्ला आदि रहे।



विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते परशुराम सेना व ब्राहमण समाज के पदाधिकारी।



परीक्षा की चर्चा कार्यक्रम को देखते पीजी कालेज के शिक्षकगण।

## महाविद्यालय में देखा गया परीक्षा की चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदनमोहन मालवीय पीजी कालेज कालाकांकर प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव ने नीलिमा सभाभवन में परीक्षा की चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों के साथ संवाद का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के अधिकांश छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम से प्रेरणा प्राप्त किया। तथा प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के अधिकांश शिक्षक डॉ सूर्यभान सिंह, डॉ इंदुरेखा सिंह, डॉ विनीता सिंह, डॉ रेखा सिंह, डॉ शिव भूषण, डॉ रामकरन, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ श्रष्टि कुशवाहा, डॉ डालचंद, भूपेश सिंह, एस पी सिंह चैहान, प्रीती सिंह, अनिल सिंह, उदय सिंह, अफसार अहमद, नवल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# ड्राइवरों ने ट्रेन यात्रियों को किया परेशान, अधीक्षक से शिकायत

### प्लेटफार्म में घुसकर यात्रियों का सामान खींच रहे टेंपो, रिक्शा चालक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सकुर्लेटिंग एरिया में हुए रेप कांड को जीआरपी शायद भूल गई है। वह यह भी भूल गई है कि अवैध सवारी वाहनों के ड्राइवर स्टेशन में दाखिल होकर यात्रियों की परेशानी की वजह न बने। अगर पुलिस अपने फर्ज के प्रति चेती होती तो शुक्रवार को पद्मावत एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को ड्राइवरों की वजह से परेशान न होना पड़ता।

रेल कर्मियों के अनुसार ट्रेन के आने से पहले सकुर्लेटिंग एरिया में खड़े अवैध सवारी वाहनों टेम्पो, जीप, ई रिक्शा के ड्राइवर प्लेटफॉर्म में घुस गए। ट्रेन से उतरे यात्रियों का सामान बिना उनकी अनुमति के उठाने लगे। यात्रियों ने एतराज जताया। वे बोले आपका सामान भी फ्री में बाहर चला जायेगा। नहीं तो कुली करना पड़ेगा। किराया भी सस्ता लगेगा। सूत्रों का कहना है कि यात्री स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में गए। उन्होंने कंप्लेन दर्ज करने के लिए बुक मांगी। यात्रियों को किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत किया गया। लेकिन ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एस एस ने पत्र लिख दिया। पत्र में अंदर खड़े होने वाले अवैध वाहनों को परिसर से बाहर किया जाय। अंदर आने वाले ड्राइवरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। एसएस शमीम ने बताया कि अवैध वाहनो के खिलाफ कार्रवाई के लिए जीआरपी और अन्य को पत्र लिखा गया है।

**कार्रवाई के लिए एसएस ने संबंधित जिम्मेदारों को लिखा पत्र**

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं की फसल हुई जलकर राख

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को दोपहर बाद शार्ट सर्किट से गेहूँ की फसल में आग लग गई।ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते कि कई बीघे फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ढकवा पूरे बीरबल में दोपहर बाद अचानक शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में आग लग गई। सबसे पहले हबीबउल्ला के खेत में लगी आग देखते ही देखते भीषण आग ने शभीम व रसीद की फसल को भी अपनी आगोश में ले लिया। किसी तरह ग्रामीण व सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड़ ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी।

# डीजल व पेट्रोल के दामों मे लगातार बढ़ोत्तरी से किसान व मध्यम वर्ग त्रस्तः प्रमोद तिवारी

### सीडब्ल्यूसी मेंबर ने गेहूं की खरीद मे बिचैलियेपन को लेकर भी सरकार को किया आगाह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने गर्मी की शुरूआत मे ही प्रदेश के ग्रामीण अंचलो मे बिजली की बेतहासा कटौती को चिन्ताजनक करार दिया है। वहीं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने पिछले दस दिनो मे पेट्रोल व डीजल के दामों मे नौ बार की बढोत्तरी को भी मोदी सरकार की सबसे बड़ी असफलता कहा है।

शुक्रवार को नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के



कैम्प कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी।

कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता मे प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसान की इस समय गेहूं की फसल की मड़ाई तथा छात्रों की हो रही बोर्ड परीक्षाओं के बीच बिजली की कटौती पूरी तरह अव्यवहारिक है। प्रमोद तिवारी ने सरकार से कहा है कि वह चैबीस घण्टे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करे खासकर उन्होनें मडाई को देखते हुए रात्रि के दौरान विद्युत आपूर्ति शत प्रतिशत रखे जाने पर जोर दिया है। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार द्वारा पिछले दस दिनो मे नौ बार पेट्रोल तथा डीजल के दामो मे बढोत्तरी का बाइस मार्च से इक्तीस मार्च तक का आंकडा मीडिया के सामने रखते हुए कहा कि यह सरकार चुनाव बाद फिर से सिर्फ अपने चंद पूंजीपति घरानों की आमदनी बढ़ाने मे जुट गयी है।

## सार्वजनिक स्थान पर लघुशंका करना अधेड़ को पड़ा महंगा

### नगर पालिका ने वसूला दौ सौ रुपये जुमार्ना

**प्रतापगढ़।** नगर में खुले स्थान या सार्वजनिक स्थान पर लघु शंका किया तो जुमार्ना भरना पडेगा। ऐसा ही एक मामला नगर के मकन्दूगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास वाटर एटीएम पर खडे.होकर लघुशंका कर रहे एक अधेड़ व्यक्ति पर स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह की निगाह पड़ी तो तत्काल उन्होंने अधेड़ को बुलाया और इस कृत्य के लिये उन पर दो सौ रुपये का जुमार्ना ठोंक दिया।

इस तरह अधेड़ को सार्वजनिक स्थान पर लघुशंका करने पर जेब खाली हो गई। इस बारे में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह का कहना है कि नगर को स्वच्छ रखने के लिये ऐसी हरकतों से लोगों को बचना चाहिये। इस बारे में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शहर में नगर पालिका ने प्रमुख स्थानों पर शौचालय व मूत्रालय बनाये हैं। इसका उन्हें प्रयोग करना चाहिये। खुले में या सार्वजनिक स्थान पर लघुशंका करना नगर में वर्जित है।

# ग्राम प्रधान व बीडीसी का समर्थन जुटाने में जुटे सपा विधायक

### सपा प्रत्याशी के पक्ष में रानीगंज विधायक ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह क्षेत्र के बीआरडी पब्लिक स्कूल गम्भीरा में सपा एमएलसी प्रत्याशी विजय बहादुर यादव के समर्थन में बैठक आहूत की गयी। ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रानीगंज विधायक डा0 आर0 के0 वर्मा ने सपा प्रत्याशी विजय बहादुर यादव को जिताने की अपील करते हुए कहा कि सपा प्रत्याशी किसान परिवार से आते हैं और आम आदमी के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे हैं।



ग्राम प्रधानों की बैठक में बोलते रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा।

बैठक में सपा के विश्व नाथगंज विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट सत्य नारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य बेलखरनाथ धाम पवन सरोज, ग्राम प्रधान जगदीशपुर, ग्राम प्रधान गौरा, ग्राम प्रधान पूरे तोरई, ग्राम प्रधान छतौना, ग्राम प्रधान मिश्रपुर तरौल,प्रधान बहरापुर,बीडीसी सरायदेव राय, बीडीसी बैशपुर, बीडीसी छतौना, बीडीसी जगदीशपुर, बीडीसी बुआपुर, बीडीसी गम्भीरा सहित बड़ी तादात में क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण एवं सम्मानित सहयोगी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मनोहर लाल बाघ व संचालन शिक्षक योगेश कुमार पटेल ने किया।

## पट्टी नगर में अदालत के आदेश पर चला बुलडोजर, गिराया गया भवन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में एक पक्ष से न्यायालय का आदेश प्राप्त होने के बाद पट्टी नगर स्थित मौर्य नगर में जेसीबी गरजी और मकान को ध्वस्त करते हुए बुलडोजर चलाया गया। जिसको लेकर प्रशासनिक महकमा मौजूद रहा। मौके पर गहमागहमी का माहौल देखा गया। बुलडोजर चलने की सूचना पर तमाशबीनो की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई।

कोतवाली क्षेत्र मौर्य नगर में दो भाइयों के बीच में बंटवारे की जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा था। कस्बे के रहने वाले रामअवतार बनाम गयादीन के बीच सिविल जज जूनियर डिविजन सदर के यहां मामला और मुकदमा चल रहा था, जिसमें बंटवारे को लेकर अदालत में हकबरारी का मामला काफी दिन से चल रहा था।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस बल अदालत कर्मी के साथ कस्बे के मौर्य नगर में बुलडोजर के जरिए अनधिकृत रूप से बने भवन पर बुलडोजर के जरिए ढा दिया गया। बुलडोजर चलने की सूचना पर मौके पर तमाशबीनो की खासी भीड़ जमा हो गई। अदालत ने फैसला दिया था कि संबंधित पक्षों के बंटवारे में कौन कौन सा स्थल कब्जा दिया जा रहा है। इसके साथ ही अवैध रूप से मकान के सामने रामअवतार पक्ष के लोगों द्वारा दूसरा मकान ध्वस्त किए जाने का आदेश था। अदालत में पुलिस बल के लिए 8896 रुपए जमा करवाए गए थे। अदालत से आदेश मिलने के पश्चात अदालत कर्मी के साथ अधिवक्ता व पुलिस बल मौके पर पहुंचे और अनाधिकृत रूप से बने मकान को बुलडोजर के जरिए गिरा दिया गया।

# रेलकर्मी की पत्नी ने यात्री को धुना, मचा हंगामा

### यात्री के पक्ष में खड़े हुए लोग, जीआरपी ने छोड़ा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर शुक्रवार को पूर्वान्ह रेल कर्मी की पत्नी ने यात्री को जमकर धुना। जिससे हंगामा खड़ा हो गया। जीआरपी यात्री को पकड़ कर ले गई। बाद में मामला वापस लेने पर पुलिस ने उसे छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार लाबी के बगल बेंच पर बैठी महिला बच्चे को दूध पिला रही थी। उसका आरोप है कि पास में बैठा व्यक्ति उसे गंदे इशारे कर रहा था।

वहां मौजूद लोगों का कहना है महिला यात्री से भिड़ गई। उसे पीटने लगी। उसने पति को बुला लिया। दोनों ने मिलकर पीटना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची जीआरपी यात्री को पकड़ थाने ले गई। वहां मौजूद इस नजारे को देखने वाले रेलकर्मी और यात्री महिला और उसके पति को ही कुसुरवार ठहराने लगे और यात्री को छोड़ने के लिए कहा। महिला के पति ने कार्रवाई नहीं करनी की बात कही। पुलिस को लिखकर दिया। जीआरपी ने यात्री को छोड़ दिया। यात्री नवाबगंज का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार महिला स्टेशन पर तैनात रेल कर्मी की पत्नी हैं।

## स्टेशन पर प्लाजा से प्रतिबंध पानी की बोतलें बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को प्रतिबंधित पानी की बोतले काफी संख्या में चेकिंग स्टाफ ने एक प्लाजा से बरामद किया। सीआईटी राकेश सिंह को। सूचना मिली कि प्लेटफार्म पर नकली पानी बेंचा जा रहा है। चेकिंग के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म एक के प्लाजा से प्रतिबंधित पानी की बोतले मिली। उन्होंने बताया कि रेल नीर के अलावा और कोई भी ब्रांड बेचने की अनुमति नहीं दी गई है। इससे सीएमआई की चेकिंग पर भी पर भी सवाल उठना लाजमी हैं। एसएस शमीम ने बताया कि चेकिंग स्टाफ ने प्लाजा से नकली पानी की बोतले पकड़ी हैं। कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अधिकरियों को सूचित कर दिया हैं।

## इंटर के मानव विज्ञान कृषि में 11 अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की चल रही परीक्षाओं में शुक्रवार को द्वितीय बेला में इंटरमीडिएट के मानव विज्ञान कृषि के पेपर में जिले में मात्र 236 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए। कुल उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या 225 रही। इनमें 205 छात्र व 20 छात्राएं शामिल रहीं।

# जिलाधिकारी ने कोषागार के डबल लॉक का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा कोषागार के डबल लॉक का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा डबल लॉक में अवशेष स्टाम्पों तथा कोर्ट फीस एवं नोटरी टिकट, बीमा टिकट, रेवेन्यू टिकट, बहुमूल्य वस्तुयें, पैडलॉक, अप्रयुक्त चेक, आर0ओ0 बुक तथा 385 रसीद का डबल लॉक में अभिरक्षित रजिस्टर से विधिवत मिलान किया गया जो कि सही पाया गया तथा डबल लॉक में ऐसे बहुमूल्य वस्तुयें जिनका डबल लॉक में रखे जाने का वर्तमान में औचित्य समाप्त हो चुका है को सम्बन्धित विभाग को वापस प्राप्त कराये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग से पत्राचार किये जाने हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया। कोषागार के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू तथा सहायक कोषाधिकारी अनिल कुमार सिंह, डबल लॉक सहायक यमुना शंकर वर्मा तथा कैशियर विजय सिंह उपस्थित रहे।



कोषागार का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

## ताला तोड़कर मिड डे मिल का खाद्यान व गैस सिलेंडर चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के झींगुर ग्राम पंचायत में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर मिड डे मिल का सारा राशन व बर्तन गैस सिलेंडर चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह होने पर स्कूल प्रशासन में हड़कम्प मच गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवराज शुक्ल ने महेशगंज पुलिस को घटना की तहरीर दिया।

## पलिस ने ठग को किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** भंगवा चैकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह व स्वाट टीम के सतर्कता से एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठग को नगर कोतवाली क्षेत्र के पीबीपीजी कालेज के पास से दबोचा है। ठग पर ठगी कर लोगों के खाते से पैसा उड़ा देने का आरोप है।

## कोटेदार पर ग्रामीणों ने लगाया धांधली का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा के परहत गांव में ग्रामीणों ने कोटेदार पर अनियमितता तथा घटतौली का आरोप लगाया है। पट्टी तहसील अंतर्गत आसपुर देवसरा विकासखंड के परहत गांव के कोटेदार के रवैया से परेशान होकर ग्रामीण मुखर हुए और उन्होंने इस संबंध में कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव के रहने वाले लाल चंद्र शर्मा, कृष्ण कुमार सरोज, रामपाल चैहान, मुलायमा देवी, राम जनक चैहान सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने अपनी बात रखते हुए बताया कि कोटेदार घटतौली करता है और राशन देने में अनियमितता करता है, जिससे लोगों में असंतोष है। ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# रात को सोते समय धारदार हथियार से युवक पर हमला

### शोर मचाने पर भागा बदमाश, कोतवाली पहुंचा पीड़ित

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रात के समय सोते समय एक युवक पर घर आए बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। हमले से युवक को गले में चोट आई। शोर मचाने पर उसकी बहन जागी तथा आसपास के लोग दौड़े तो बदमाश वहां से भाग निकला। वहीं पीड़ित की बहन का कहना है कि बदमाश को उसने पहचान लिया है। वही पट्टी कोतवाली पुलिस पीड़ित युवक की तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायचंद्र पट्टी गांव का रहने वाला राकेश पुत्र सुभाष अपने घर पर शुक्रवार की रात को सो रहा था। रात में करीब दो बजे एक बदमाश उसके पास पहुंचा और मुंह दबाकर चाकू से उसके गले पर हमला किया लेकिन वह दबाने से ही राकेश की आंख खुल गई है और वह बचाव कर लिया लेकिन उसके गले पर चाकू से जख्म हो गया। शोर मचाने पर उसकी बहन आई और युवक को पकड़ने की कोशिश की तब तक गांव के लोग दौड़े लेकिन वहां से भाग खड़ा हुआ। वही पीड़ित की बहन का कहना है कि उसने बदमाश को पहचान लिया है। मौके पर डायल 112 पुलिस को फोन किया गया।

## मारपीट के मामले में आरोपियों पर मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक सप्ताह पहले मारपीट के मामले में पट्टी कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट गाली-गलौज का मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव के रहने वाले आदेश कुमार ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया था उसने बताया था कि वह जब 24 मार्च को शौच के लिए घर से बाहर गया था लौटते समय गांव के रहने वाले अनिल वीरेंद्र अजय और राजेश में रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर शनिवार को कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया।

## खबर संक्षेप

### अधेड़ पर दबंगों ने लाठी-डंडे से किया हमला लहूलुहान

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बहादुर के पूरा में घर की साफ सफाई कर रहे एक अधेड़ पर दबंगों ने लाठी-डंडे से हमला किया है जिससे अधेड़ को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है चरवा क्षेत्र में दंबगो के हौसले बुलंद हो चुके हैं और दंबगों के हौशले को तोड़ने के लिए पुलिस के लाख कोशिश करने के बाद भी दंबगो के हौसले टूटने का नाम नही ले रहा है पीड़ित परिवार डर हुआ है बीते15 दिनों से दंबग पीड़िता के ऊपर अत्याचार कर रहे हैं पीड़ित परिवार थाने का चक्कर लगा रहा है लेकिन पुलिस ने दंबगो के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बहादुर का पूरा गांव के राज बहादुर पुत्र राम पटेल के ऊपर दंबगो ने लाठी डंडे से हमला कर सिर फोड़ दिया है आज दिनांक 1/04/2022 को समय करीब 4 बजे पीड़ित अपने दरबाजे पर बालू गिराने के लिए साफ सफाई कर रहा था इसी बात को लेकर दंबग मुन्ना लाल के तीन बेटे एकजुट होकर लाठी डंडे से मार पीट कर घायल कर दिया है बताया जाता है कि यही आरोपी पीड़ित के पत्नी पर पहले भी हमला कर चुके हैं पीड़ित परिवार ने चरवा पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया हैं।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ट्रक को मारी टक्कर दर्जनों हुए लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**शुक्रवार की सुबहराष्ट्रीय राजमार्ग के कोइलहा के पास दर्दनाक हादसा**

**मनौरी कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के कोइलहा के पास शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ट्रक को टक्कर मार दी है हादसे में दर्जनों बस की सवारियां लहूलुहान हो गई हैं दोनों वाहनों के टक्कर के बाद चीख पुकार सुनकर आस-पास मौजूद ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है कई थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है और बस के शीशे तोड़कर हादसे में घायल लोगों को बाहर निकाला है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है जहां 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है इस हादसे में रोडवेज बस चालक की घोर लापरवाही उजागर हुई है।

घटनाक्रम के मुताबिक लीडर रोड डिपो प्रयागराज की रोडवेज बस मथुरा से प्रयागराज जा रही थी जैसे ही रोडवेज बस संख्या वढ-78/ऋछ 9282 शुक्रवार की सुबह चरवा थानांतर्गत कोइलहा ग्रामसभा के पास ऋछ रोड के पास पहुँची कि एक ट्रक संख्या वढ-83इळ/4558 से बस टकरा गई ,रोडवेज बस इतनी तेज रफ्तार से चल रही थी कि बस के आगे का भाग चकनाचूर हो गया और आगे की 4-5,सीट उखड़कर ड्राइवर के पास पहुच गई जिसमें बस में सवार दो बच्चे समेत 12 यात्री गम्भीर घायल हो गई दुर्घटना होते ही बस में चीख-पुकार मच गई दोनों वाहनों के टक्कर के बाद मची चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीण और राहगीर पहुंच गए रोडवेज बस हादसे की जानकारी मिलते ही चरवा थाना व पुरामुफ्ती प्रयागराज की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हादसे में घायल लोगो को हॉस्पिटल भेजने का काम किया हादसे की जानकारी मिलते ही पूरा मुफ्ती के उपनिरीक्षक गंगाराम सोनकर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को बस से निकालकर वाहनों के जरिए अस्पताल भेजने में लगे रहे रोडवेज बस की दुर्घटना में घायलों में वर्षा सिंह फतेहपुर रेखा सिंह गाजीपुर,माधुरी सिंह प्रयागराज ,गीता सिंह प्रयागराज, रसीदा बेगम फतेहपुर, जमीला बेगम फतेहपुर शिवम गोपाल राज सिंह रामसिंह विश्वनाथ रामस्वरूप बस ड्राइवर सतीश सहित कई अन्य सवारियां लहूलुहान है बताया जाता है कि रोडवेज बस के चालक का पैर फैक्टर हो गया है प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक ड्राइवर अपनी गाड़ी को मोड़ रहा था और तेज रफ़्तार से रोडवेस बस अपने आप को संभाल न सकी और ट्रक से टकरा गई जिससे हादसा हुआ है।



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़

## न्यूज झरोखा

### डीएम एसपी ने यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा के दौरान जवाहर लाल नेहरु इण्टर कालेज सरसवॉ कृषक इण्टर कालेज हिनौता स्व0 सुरेन्द्र कुमार इण्टर कालेज टिकरा मवई माता प्रसाद इण्टर कालेज टिकरा मवई श्री राम कृपाल सिंह इण्टर कालेज डूंडी बाग रानीपुर रानी देवी रामअभिलाष सिंह इण्टर कालेज दिलीप सिंह इण्टर कालेज बाकरगंज गोराजू जिला पंचायत इण्टर कालेज पश्चिम शरीरा श्रीमती सम्पति देवी लघु ग्रामीण उद्योग इण्टर कालेज सोनौली, देव बन्धु इण्टर कालेज बैशकांटी आदि परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

# लेखपाल की दबंगई हटवा रहा हनुमानजी की मूर्ति

**लेखपाल कानूनगो की विपक्षियों से साठ गाठ के चलते व्याप्त तनाव**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर मड़ूकी फैजीपुर गांव में हनुमान जी की मूर्ति के स्थान पर कब्जा करने की नीयत से एक बार पहले मूर्ति गायब की जा चुकी है दोबारा फिर मूर्ति को गायब करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे भक्तों में तनाव व्याप्त है मामला पूर्व में थाना तहसील से लेकर डिप्टी सीएम की चौखट तक पहुंच चुका है लेकिन जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के हौसले कम नहीं हुए हैं हल्का लेखपाल और कानूनगो चंद रुपयों के लालच में किसी सक्षम अधिकारी के बिना आदेश के मामले में गलत नाप जोक करके विवाद तैयार कर रहे हैं। सिराथू तहसील के रामपुर मड़ूकी फैजी पुर गाँव में राम प्रकाश मिश्रा ने 1995 के पूर्व से अपनी पैतृक भूमि में पूर्वजों के लगाये बरगद के पेड के बगल में चबूतरा बनाकर हनुमानजी की मूर्ति की पूजा पाठ करते चले आ रहे हैं जिस पर गाँव के दूसरे संप्रदाय के लोगों की निगाह लगी हुई थी और वह बराबर पूजा पाठ न करने की हिदायत दे रहें थे तथा 2007 में कुचक्र के तहत हनुमानजी की मूर्ति को गाबय करा दिया थाना पर भुक्त भोगी द्वारा शिकायत करनें पर तत्कालीन थाना पुलिस गाँव पहुँची और सुलह समझौता कराया और उस समय के गाँव प्रधान शेर अली ने पाँच सौ रुपया देकर दूसरी मूर्ति रखवाया सुलह समझौता में फिर कभी मूर्ति हटाने य पूजा पाठ में व्यवधान न करनें की शर्त के साथ 2007 मे सुलह हुई जिससे हनुमान जी की मूर्ति गायब करने वालों पर मुकदमा नहीं दर्ज हो सका लेकिन मुकदमा दर्ज होने से बच जाने के बाद विपक्षी गण साबिर अली व जाबिर अली व आबिद अली आदि की निगाहों में बजरंगबली की मूर्ति व स्थान फिर से खटकने लगा तब पीडित पुजारी राम प्रकाश ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश को शिकायती प्रार्थना पत्र 19 दिसम्बर 2021 को दिया जिसमें उपरोक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा लेकिन पुलिस ने फिर भी प्राथमिकी नहीं दर्ज किया जिससे विपक्षियों के हौसले बुलंद रहे और मौजूदा हल्का लेख पाल कानून गो को पैसा देकर सांठ गाँठ कर 30 मार्च 2022को पीडित के गैर मौजूदगी में फर्जी तौर तरीके के तहत नाप कराकर फिर हनुमानजी के स्थान पर कब्जा कर रहे हैं और मूर्ति फेंक देने की धमकी दे रहें है पीडित पुजारी राम प्रकाश ने 31 मार्च को इस संबन्ध में उप जिला अधिकारी सिराथू को प्रार्थना पत्र दिया जिस पर उप जिला अधिकारी सिराथू ने एस ओ मंझन पुर को शांति वयवस्था कायम रखने के लिए लिखा है वही पीडित पुजारी राम प्रकाश का कहना हैं कि वह जगह उसकी पुशतैनी है पूर्वजों का लगाया बरगद का पेड था जिसके गिरने पर फिर वही पर बरगद का पेड लगाया हुआ हैं मंदिर भूमि धरी आराजी 335 पर है विपक्षी फर्जी बैनामा के तौर पर कब्जा करने के फिराक में है अगर हमारी सुनवाई नहीं होती तो उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी बाबा के दरबार लखनऊ जाकर गुहार लगाई जाएगी मंदिर की मूर्ति बार–बार हटाए जाने के प्रयास से गांव में तनाव व्याप्त है।



पथ संचालन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों ने किया पथसंचलन

**भारतमाता की जय जयकार से गूंजा मंझनपुर कस्बा**

**कौशांबी।** चैत्र मास प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हेडगेवार जी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का मंझनपुर नगर में पथ संचलन हुआ, जो डायट मैदान से शुरू होकर पूरे शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण कर डायट मैदान में समाप्त हुआ। वहीं मंझनपुर वासियों व मातृ शक्ति ने जगह जगह स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। साथ ही भारतमाता की जय के गगन भेदी नारे लगाए ।स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जिला संघ चालक ने कहा के हिंदू नव वर्ष चैत्र मास के शुक्ल प्रतिपदा को मनाए जाने का वैज्ञानिक कारण है, इस समय पेड़ों पर नई कोपलें आती हैं और मौसम में परिवर्तन होता है जो कि यह संकेत देता है कि नव वर्ष प्रारंभ हो चुका है ।इस मौके पर जिला प्रचारक प्रमोद कुमार,जिला संघचालक केदारनाथ मौर्य ,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी,सीताराम केसरी दिलीप कुमार सूबेदार, मायापति त्रिपाठी,अवनीश मिश्र,बच्चा केसरवानी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक पथ संचलन में मौजूद रहे।

# मुकदमा दर्ज होते ही बालिका की मौत में आया नया मोड़

अखंड भारत संदेश

**विधि विज्ञान प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों की तरह 2 महीने बाद नर कंकाल देखकर परिजनों ने कर लिया मृतक बालिका की पहचान**

**कौशाम्बी।** 2 महीने पूर्व एक बालिका की मौत होने के मामले में 29 मार्च को महेवाघाट थानेदार ने मुकदमा दर्ज कर लिया है थाना में मुकदमा दर्ज होते ही बालिका की मौत के प्रकरण में नया मोड़ आ गया है 2 महीने से पुलिस बालिका की मौत को स्वाभाविक मौत मान रही थी और बालिका के परिजन भी 2 महीने से बालिका की मौत को स्वाभाविक मौत मान रहे थे लेकिन अचानक बालिका के परिजनों ने ही बालिका की मौत को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की कहानी बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है मामले में सबसे रोचक तथ्य यह है कि 2 महीने पूर्व बालिका की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस को बताया कि 29 मार्च को यमुना नदी में नर कंकाल दिखाई पड़ा है और नर कंकाल के कपड़ों को भी परिजनों ने पहचान कर लिया है यमुना नदी में मिले नर कंकाल देख करके उन्होंने बालिका की पहचान की है परिजनों के पास तो विधि विज्ञान प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों से अधिक शोध करने की क्षमता है यह एक बड़ी जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के हीरागंज दलेला गंज मवई निवासी श्याम सुंदर की बेटी लक्ष्मी देवी की 29 जनवरी को मौत हो गई थी मौत के बाद बालिका का अंतिम संस्कार कर दिया गया 29 मार्च को महेवा घाट थाना क्षेत्र के यमुना नदी में एक नर कंकाल दिखाई पड़ा नर कंकाल देखने के बाद बालिका के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया कि उनकी बेटी को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया गया है और बेटी के आत्महत्या करने के बाद उसके शव को यमुना नदी में फेंक दिया गया है पुलिस ने बालिका के परिजनों की बात को मान कर यमुना नदी में मिले नर कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बालिका के परिजनों की तहरीर पर 29 मार्च को महेवाघाट थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है अब सवाल उठता है कि 29 जनवरी को बालिका को नदी में प्रवाहित किया जा चुका है तो 2 महीने बाद मिले नर कंकाल से कैसे शिनाख्त की जा सकती है यह विधि विज्ञान प्रयोगशाला का विषय था इतना ही नहीं बालिका के परिजनों का कहना है कि बालिका के शरीर में 2 महीने बाद कपड़े थे उससे भी पहचान की गई है बालिका का शव नर कंकाल बन गया लेकिन शरीर पर कपड़े मौजूद थे यह बात भी लोगों को हजम नहीं हो रही है।

# छेड़खानी के मुकदमे में सुलह ना करने पर युवती पर किया एसिड अटैक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** छेड़खानी के दर्ज मुकदमें में सुलह न करने पर दबंगो ने महिला के चेहरे पर एसिड अटैक कर दिया, जिससे महिला का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार दबंग मौके से फरार हो गए। महिला ने 3 लोगों को पहचान लिया। जबकि दो लोगों को नहीं पहचान सकी। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला का इलाज चल रहा है।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एसिड से हमला करने सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है ।मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक सदी गांव की सविता देवी ने महीनों पहले कुछ लोगों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर पाकर पुलिस ने छेड़खानी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी ।पीड़िता ने बताया कि वह लोग सुलह का दबाव बनाने लगे।

बावजूद इसके पीड़िता मुकदमे में सुलह नहीं हो रही थी। 28 मार्च की शाम पीड़िता खेत से वापस अपने घर आ रही थी। रास्ते में ही कुछ लोगों ने बाइक से आकर रोक लिया। दबंग मुकदमे में सुलह के लिए गाली गलौज करने लगे। महिला ने इंकार कर दिया तो उसके चेहरे पर तेजाब फेंक कर भाग निकले, जिससे महिला का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया। चीख पुकार सुन मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन महिला को इलाज के लिए मंझनपुर के जिला अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। महिला का इलाज चल रहा है। पीड़ित ने घटना की तहरीर मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एसिड अटैक एवं धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मंझनपुर कोतवाली इलाके में एक ऐसा प्रकरण आया हुआ है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महिला एसओ पर बालिका की मां ने लगाए गंभीर आरोप

**कौशाम्बी।** वन स्टॉप सेंटर से दो बालिकाओं के 03 फरवरी को रहस्यमय तरीके से भाग जाने के मामले में रोज नए-नए मोड़ आ रहे हैं महिला थानेदार के सामने दिए बयान से बालिकाएं मुकर गई हैं बालिकाएं और उनके परिजनों का कहना है कि महिला थानेदार ने उन पर दबाव डालकर अपने मनमर्जी का बयान दर्ज कराया है जिला अधिकारी को भेजे पत्र में बालिका की माता सुशीला देवी ने बताया कि 27 फरवरी को उसकी बेटी को वन स्टॉप सेंटर में दाखिला किया गया था जहां से वह 03 फरवरी को भाग गई है बालिका की माता का कहना है कि बाद में बालिका बरामद हो गई जिस पर महिला थानेदार ने बालिका पर नाजायज दबाव बनाकर गलत बयान दर्ज किया है पुलिस के भय में बालिका ने गलत बयान दर्ज कराया है जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बालिका की माता का कहना है कि वन स्टॉप सेंटर और बाल कल्याण समिति का इस मामले में कोई दोष नहीं है उनका कहना है महिला थानेदार के सामने दिया गया बयान दबाव में दिया गया है जो गलत है। बाालिकाओं के बयान बदलने के बाद इस प्रकरण पर फिर नया मोड़ आ गया है जबकि बाल कल्याण समिति की सदस्य और और वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक सहित कई लोगों पर कार्यवाही हो चुकी है।

# बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीना हराम : अजय सोनी

**समर्थ किसान की मासिक बैठक में बढ़ती महंगाई एवं जन समस्यायों पर हुई चर्चा**

अखंड भारत संदेश




महंगाई को लेकर प्रदर्शन करते समर्थ किसान पार्टी नेता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में सम्पन्न हुई। इस दौरान बढ़ती महंगाई और जन समस्यायों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर कार्यकताओं से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुछ बड़े उद्योगपतियों को भारी आर्थिक फायदा पहुंचाने के नियत से आवश्यक वस्तुओं में महंगाई दर बढ़ाई जा रही है। आगे कहा कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से महंगाई दर रोज बढ़ रही है और गरीबों का जीना हराम है। लोगों को दो जून के निवाले के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जबकि देश के कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को भारी आर्थिक फायदा हो रहा है। इससे देश में अमीरों एवं गरीबों के बीच भारी अंतर पैदा हो रहा है। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि बढ़ती महंगाई के लिए पूरी तरह से केंद्र सरकार जिम्मेदार है और इसका हिसाब आने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता करेगी। इसी के साथ बैठक में मौजूद पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र केसरवानी ने बताया कि ग्राम भीटी मजरा पूरब शरीरा में सिंचाई की नाली ध्वस्त हो गई है जिसके चलते सैकड़ों बीघा जमीन असिंचित पड़ी है। इसी तरह ग्राम घोसरा एवं ग्राम भीटी मजरा पूरब शरीरा में काफी दिनों से बिजली की आपूर्ति ठप्प है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। आगे कहा कि इन समस्यायों के समाधान के लिए कई कई बार प्रशासन को लिखकर दिया गया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इससे उक्त गांवों की तमाम जनता नाराज है। मासिक बैठक में तीरथ लाल मौर्य, संजीत सरोज, सुरजीत वर्मा, फूलचंद्र लोधी, परिहार लोधी, राजू कोटार्य आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**संचारी रोग व दिमागी बुखार पर नियंत्रण लगाएंगे 11 विभाग स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग के तौर पर करेगा कार्य, संचारी रोगों पर वार के लिए अभियान शनिवार से**

**कौशांबी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में 31 मार्च को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ केसी राय ने की व बैठक में राज्य कार्यक्रम अधिकारी वेक्टर बोर्न के संयुक्त निदेशक डॉ॰ विकास सिंघल भी मौजूद रहे। बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीएम, डीएमसी, यूनिसेफ, डबल्यूएचओ के प्रतिनिधि के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग के तौर पर करेगा कार्य :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ केसी राय ने बताया कि जनपद में संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर नियंत्रण प्राप्त करने हेतु जनपद के 11 विभिन्न विभाग आपसी समन्वय एवं सहयोग से अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर नियंत्रण प्राप्त करने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल विभाग के तौर पर कार्य करेगा। अभियान का वृहद् स्तर पर सभी ब्लॉक में प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होने बताया कि अभियान के अंतर्गत आशा, आंगनवाड़ी व संगिनी कार्यकर्ता घर-घर जाएँगी और भ्रमण के दौरान बुखार, क्षय रोग के लक्षण, खांसी तथा सांस लेने में दिक्कत वाले रोगियों और कुपोषित बच्चों की लाइन लिस्टिंग कर सूची बनाएंगी और ए.एन.एम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय को भेजेंगी। जांच एवं उपचार की व्यवस्था के साथ लक्षण युक्त मरीज हेतु निःशुल्क परिवहन के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था सहित अन्य गतिविधियों पर कार्य करेंगे। साथ ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से पोषण पुनर्वास केंद्रों पर उपचार एवं पोषण हेतु भेजें।




संचारी रोग के बारे में जानकारी देते सीएमओ

**विभागों की मुख्य गतिविधियां इस प्रकार :**

शिक्षा विभाग का कार्य अभिभावकों शिक्षकों एवं छात्रों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर दिमागी बुखार एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु संवेदीकरण करेगा साथ ही क्लोरिनेशन डेमो पेयजल उबालना साबुन से हाथ धोना शौचालय का प्रयोग करना इत्यादि पोस्टर व निबंध लेखन के माध्यम से छात्रों में जागरूकता फैलाई जाएगी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से कई रोगों के उपरांत दिव्यांग में बच्चों का सर्वे करना उन्हें आवश्यक सहायक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं डिस्ट्रिक्ट रिहैबिलिटेशन सेंटर का सुदृढ़ीकरण करना रहेगा।

**नगर विकास विभाग का कार्य :** नगर विकास विभाग का कार्य शुद्ध पेयजल का प्रयोग खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था नालियों की साफ-सफाई कूड़े का निस्तारण शहरी क्षेत्रों में छिड़काव एवं फॉगिंग करेगा। साथ ही खुले में शौच से क्षेत्र को मुक्त करना संबंधी विषयों पर मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से जागरूकता फैलाना रहेगा।

**पशुपालन विभाग का कार्य :** पशुपालन विभाग का कार्य व पालकों को अन्य व्यवसाय अपनाने हेतु प्रेरित करना वह शुगर वालों को आबादी से दूर स्थापित करना साफ-सफाई कीटनाशक का छिड़काव करना एवं कचरा निस्तारण एवं मच्छर रोधी जालिम से बड़े को ढकने हेतु उन्हें प्रशिक्षित करना रहेगा। कृषि एवं सिंचाई विभाग का कार्य मच्छर रोधी पौधे उगाना खेतों में चूहे, छछूंदर, पर नियंत्रण तथा नेहरू एवं तालाबों के किनारे उगी वनस्पतियों की सप्ताहिक कटाई कराना रहेगा। उद्यान विभाग सार्वजनिक उद्यान एवं विद्यालयों में मच्छर रोधी पौधों का रोपण करना।

# एक सप्ताह बीते मोबाइल की कॉल डिटेल नहीं निकाल सकी पुलिस!

**आशंका के आधार पर आधा दर्जन से अधिक संदिग्ध लोगों को पुलिस ने पकड़ा लेकिन हत्याकांड के खुलासे मे पुलिस के हाथ खाली**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चम्पहा बाजार अन्तर्गत अमीना ग्राम में 25 मार्च की रात्रि को शशि देवी उम्र लगभग 45 वर्ष के गले में धारदार हथियार से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया गया है। घटना के बाद पुलिस ने आशंका के आधार पर उनके पड़ोसियों समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है कई दिनों से आधी रात को अमानवीय बर्ताव कर पुलिस लोगों से जुर्म कबूल करवाना चाहती है लेकिन महिला हत्याकांड की घटना के खुलासे में 7 दिन बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। गौरतलब है कि जिस कमरे में महिला की हत्या हुई है उसके बगल के कमरे में 4 बच्चे सो रहे थे उन्हें घटना की जानकारी सुबह मिली है खून से लथपथ लाश देखकर बच्चों ने हो-हल्ला मचाया घटनास्थल से एक नाजायज तमंचा भी बरामद हुआ है जिसके फिंगरप्रिंट की जांच भी 7 दिन बाद पुलिस नहीं कर सकी है मृतक महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे पुलिस ने महिला के वस्त्र के भी फ्रिंगर प्रिंट की जांच कराने का प्रयास नहीं किया है महिला की हत्या के बाद घर के पीछे का दरवाजा बाहर से बंद था जिससे आशंका जताई जाती है कि महिला की हत्या करने वाले पीछे के दरवाजे से भाग गए। उस दरवाजे से भी पुलिस ने फिंगर प्रिंट उठा कर जांच कराने का प्रयास नहीं किया है महिला का पति जय चंद्र सिंह इलाहाबाद में रहता है उसके पति के बीच अक्सर खटपट होती थी आधी रात को महिला के फोन पर उसके पति का फोन भी आया था महिला के पति द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के मुताबिक पड़ोसियों पर उसने आशंका जाहिर की है लेकिन जिस तरह से पड़ोसियों पर महिला के पति ने आशंका जाहिर की है उससे प्रतीत होता है कि महिला का पति जैसे चश्मदीद था जिन पड़ोसियों पर महिला के पति ने आशंका जाहिर की है उनसे मामूली विवाद थे और महिला का पति का कहना है कि पड़ोसियों से मृतिका के संबंध थे अब सवाल उठता है कि जिस व्यक्ति से महिला के संबंध होंगे वह अपने संबंध के बीच हत्या क्यों करेगा पड़ोसियों से महिला के संबंध के चलते यह बात किसे खराब लग रही थी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में शशि देवी की हत्या के बाद उसके पति ने अज्ञात लोगों के नाम पुलिस को तहरीर दी है पुलिस इस हत्याकांड में संदिग्धता के आधार पर आस पास के लोगों को पकड़ कर जुर्म के खुलासे में लगी है ।

संपादकीय


## हमारे सारे त्योहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक

**अंग्रेजी** नववर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं- 'ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं/ है अपना ये त्योहार नहीं/ है अपनी ये तो रीत नहीं/ है अपना ये त्योहार नहीं...।' इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नववर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था। अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्योहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्योहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्योहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्योहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नववर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नववर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं। भारतीय संस्कृति में पुरातन काल से नववर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरूआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नववर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत्त हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं। वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति के अनुसार चलने की ओर प्रवृत्त हुए हैं।

# प्रकृति की अनदेखी: खामियाजा भावी पीढ़ी भुगतेगी

मार्च तो बीत गया लेकिन गर्मी के तेवर मार्च के दूसरे हफ्ते से ही असहनीय से हो गए। अगले तीन महीनों का हाल समझा जा सकता है। वर्षा जल संचय के लिए ठोस प्रबंधन और जनजागरुकता के लिए कुछ ही हफ्तों में बड़ी-बड़ी बातें सुनाई देंगी। बस आदेश-निर्देश की हर रोज फेहरिस्त निकलने लगेगी। लेकिन जब तक कुछ करने या पानी को बचाने पर अमलीजामा पहनाने के लिए दौड़ते कागजी घोड़े थमेंगे तब तक बारिश निकल चुकी होगी। यह हकीकत है। बस इन्हीं दिखावे या औपचारिकताओं ने पेयजल की किल्लत को और बढ़ाया है। नए हिमखंडों के लिए उचित वातावरण नहीं हैं। जो बचे हैं वो पर्यावरण असंतुलन से पिघल रहे हैं। पृथ्वी पर 150 लाख वर्ग किलोमीटर में करीब 9-10 प्रतिशत हिमखंड बचे हैं

**सच** में प्रकृति की अनदेखी वो बड़ी भूल है जो पूरी मानवता के लिए जीवन-मरण का सवाल है। बस वैज्ञानिकों तक ज्वलंत विषय की सीमा सीमित कर कर्तव्यों की इतिश्री मान हमने वो बड़ी भूल या ढिठाई की है जिसका खामियाजा हमारी भावी पीढ़ी भुगतेगी। इसे हम जानते हैं, लेकिन फिर भी हैं कि मानते नहीं। इसे नाइंसाफी कहें या गद्दारी, कुछ भी कह लें लेकिन सच है। यह कभी क्यों नहीं चुनावी एजेंडा बनता कि राजनीतिक दलों, उनके आकाओं, जनप्रतिनिधियों तथा नुमाइन्दगी का ख्वाब देखने वालों को तेजी से बदल रही प्रकृति और उसके कारणों के बारे में कितना पता है? सच तो यह है कि राजनीति की बिसात में हर कहीं अगर कोई गच्चा खाता है तो वह है वही प्रकृति है जिसकी बदौलत ही हम हैं, हमारा अस्तित्व है। ऐसे सवाल जायज हैं, उठने भी चाहिए। पर्यावरण-प्रदूषण की चिंता राजनीति में सबसे ऊपर होनी चाहिए, लेकिन सभी ने बेशर्म खामोशी ओढ़ी हुई है। चुनावी चकल्लस और नेताओं के लुभावने वादों के बीच न तो कोई धरती की चिंता करने वाला है और न कोई भू-गर्भ और आसमान को लेकर गंभीर दिख रहा है। शायद इनका चुनाव से सीधा वास्ता जो नहीं है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इतनी सी भूल या भुलाने की कोशिश जीवन पर धीरे-धीरे भारी पड़ती जा रही है। हर साल बाढ़ की बढ़ती भयावहता, धरती की बढ़ती तपन, तेजी से कटते जंगल, रेत से चलते छलनी होती नदियां, गिट्टियों में तब्दील होते पहाड़, अंधाधुंध प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हमारी भविष्य की पीढ़ी के लिए बड़ा अभिशाप है। उससे भी दुखद यह कि सबको, सब कुछ पता है। फिर भी गंभीर कोई दिखता नहीं है। शायद यही कारण है कि देश के किसी भी राजनीतिक दल के अहम मुद्दों में ऐसे विषय शामिल ही नहीं हैं। कब तक नहीं रहेंगे यह भी नहीं पता। प्रदूषित होती नदियां जितनी चिंता का विषय हैं उससे बड़ी चिंता मानव निर्मित वो कारण हैं जो इसके मूल में हैं। केवल भारत के संदर्भ में बात करें तो भारत में अब जल क्रांति की जरूरत है। पेयजल और सिंचाई के लिए घटते और सूखते जलस्रोतों की चिंता करनी होगी। वाकई लोगों को स्वस्फूर्त इस पर सोचना ही



होगा। लोग जागरूक हों और कुछ करें तभी सकारात्मक नतीजे निकलेंगे वरना आयोग, बोर्ड, ट्रिब्यूनल बनते हैं, बनते रहेंगे। बहस, सुनवाई, फैसले होंगे, महज औपचारिकताओं की पूर्ति होगी और हर गांव, कस्बे, शहर, महानगर की आबादी की गंदगी का आसान और निःशुल्क वाहक बनीं नदियां दिन-प्रतिदिन प्रदूषित होंगी, सूखेंगी और मरती रहेंगी। तीन दशकों से जारी गंगा की सफाई हमेशा चचार्ओं में रही। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व की तल्ख टिप्पणी जिसमें मौजूदा कार्ययोजनाओं से क्या गंगा 200 साल में भी साफ हो पाएगी, बेहद मायने रखती है। सच में कदम तो वो हों जिससे गंगा अपनी पुरानी भव्यता यानी प्रिस्टीन ग्लोरी हासिल कर सके। यह दशा, कहानी या सच्चाई उस गंगा की है जो मोक्षदायिनी है जो खुद अपने मोक्ष को तरस रही है। नर्मदा और भी श्रेष्ठ मानी गई है। पद्म पुराण में लिखा है ह्यपुण्या कनखले गंगा, कुरुक्षेत्रे सरस्वती। ग्रामे वा यदि वारण्ये, पुण्या सर्वत्र नर्मदा ।।' अर्थात गंगा को कनखल तीर्थ में विशेष पुण्यदायी माना जाता है, सरस्वती को कुरुक्षेत्र में, किन्तु नर्मदा चाहे कोई ग्राम हो या फिर जंगल सर्वत्र ही विशेष पुण्य देने वाली है। ऐसी पवित्र नर्मदा अपने उद्गम अमरकंटक के उद्गम कुंड से ही प्रदूषित होने लगती है। भारत के 27 राज्यों में 150 नदियां प्रदूषित हैं लेकिन इसकी चिंता किसे? थोड़ा पीछे चलना होगा। पांच साल पहले देश में धान का कटोरा कहा जाने वाला छत्तीसगढ़ उसमें भी खास पहचान लिया बिलासपुर 23 मई 2017 को बेहद तेजी से 50 डिग्री सेल्सियस का तापमान छूकर चचार्ओं में आ गया था। वायुमंडल में घुली कार्बन डाइऑक्साइड, पराबैंगनी विकरण के सोखने और छोड़ने से हवा, धरती और पानी तीनों गर्म होते हैं। पिछली आधी सदी में कोयला-पेट्रोलियम के धुआं ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और दूसरी ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा खतरनाक हदों तक पहुंचा दिया। सामान्यतः सूर्य की किरणों से आने वाली ऊष्मा का एक हिस्सा वायुमंडल को जरूरी ऊर्जा देकर, अतिरिक्त विकिरण धरती की सतह से टकराकर वापस अंतरिक्ष को लौटता है। लेकिन यहां मौजूद ग्रीनहाउस गैसें, लौटने वाली अतिरिक्त ऊष्मा को भी सोख लेती हैं, जिससे धरती की सतह का तापमान बढ़ जाता है।

मार्च तो बीत गया लेकिन गर्मी के तेवर मार्च के दूसरे हफ्ते से ही असहनीय से हो गए। अगले तीन महीनों का हाल समझा जा सकता है। वर्षा जल संचय के लिए ठोस प्रबंधन और जनजागरुकता के लिए कुछ ही हफ्तों में बड़ी-बड़ी बातें सुनाई देंगी। बस आदेश-निर्देश की हर रोज फेहरिस्त निकलने लगेगी। लेकिन जब तक कुछ करने या पानी को बचाने पर अमलीजामा पहनाने के लिए दौड़ते कागजी घोड़े थमेंगे तब तक बारिश निकल चुकी होगी। यह हकीकत है। बस इन्हीं दिखावे या औपचारिकताओं ने पेयजल की किल्लत को और बढ़ाया है। नए हिमखंडों के लिए उचित वातावरण नहीं हैं। जो बचे हैं वो पर्यावरण असंतुलन से पिघल रहे हैं। पृथ्वी पर 150 लाख वर्ग किलोमीटर में करीब 9-10 प्रतिशत हिमखंड बचे हैं। ठंड के साथ गैस चैम्बर बनते महानगर, झील से सड़कों तक फैलता केमिकल झाग, सूखे तालाब, लापता होते पोखर, समतल होते सूखे कुएं उसके बावजूद अंधाधुंध प्राकृतिक संसाधनों का दोहन खासकर भारत में बड़ी चिंता का विषय है। लगातार बीमार हो रही धरती को सेहतमंद बनाने और उसके स्वस्थ जीवन के लिए पहाड़, जंगल, नदी, तालाब, पोखर बचाना, उन्हें जिंदा रखना जरूरी है या क्रंक्रीट के जंगल, कल-कारखाने, पॉवर प्लांट की चिमनियों और धुआं के गुबार के बीच मानव निर्मित हिरोशिमा-नागासाकी से भी बड़ा सच बनाना जो चुपचाप, बिना आवाज दुनिया के मुंह बाए खड़ा है। दुनिया के विकसित और विकासशील देशों में इसको लेकर बस चिंता दिखती है लेकिन भारत में पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर कितनी ईमानदार कोशिशें की जा रही हैं यह भी खुली आंखों दिखता है। काश राजनीतिक दलों के लिए जीवनदायिनी प्रकृति भी मुद्दा हो पाती और भारत के माथे को ऊंचा करने का दावा करने वाले तमाम राजनीतिक दल भी इसे समझ पाते। अब वह वक्त आ गया है जब एक कॉमन एजेंडा होना चाहिए जहां राजनीति के बराबर प्रकृति के हालातों पर भी बहस हो और परिणाम दिखें। 21 वीं सदी में यह सोचना बेमानी तो नहीं लगता? बात राजनीतिज्ञों के ईमान की है, पता नहीं गंभीर होंगे भी या नहीं। फिलहाल तो हर रोज हमारी धरती, हमारा आसमान प्रदूषण के नए-नए दंश को झेल रहा है। इससे आम और खास, इंसान और परिंदे, जानवर और कीड़े-मकोड़े, फसल और जंगल यानी सभी की सांस की डोर बंधी है। उसी की फिक्र हमारे नुमाइंदों को नहीं है? यब बेहद सोचनीय है। सभी की बेरुखी से डर बस इतना है कि कहीं आसमान का फेफड़ा पूरा न फट पाए और धरती का कलेजा सूख-सूख सिकुड़ न जाए। भला कौन और कब सोचेगा कि जब हम ही नहीं होंगे तब राजनीति कहाँ होगी?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पूर्वी सीमा के प्रांतों में शांति

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**



केंद्र सरकार ने असम, नगालैंड और मणिपुर के ज्यादातर क्षेत्रों से अफ्सपा यानी आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स एक्ट को हटाकर सराहनीय कदम उठाया है। 1958 में यह कानून नेहरू सरकार को इसलिए बनाना पड़ा था कि भारत के इन पूर्वी सीमा के प्रांतों में काफी अराजकता फैली हुई थी। कई बागी संगठनों ने इन प्रांतों को भारत से तोड़ने का बीड़ा उठा रखा था। उन्हें ईसाइयत के प्रचार के नाम पर पश्चिमी मुल्क भरपूर सहायता दे रहे थे और चीन समेत कुछ पड़ौसी देश भी उनकी सक्रिय मदद कर रहे थे। इसीलिए इस कानून के तहत भारतीय फौज को असाधारण अधिकार प्रदान कर दिए गए थे। इन क्षेत्रों में नियुक्त फौजियों को अधिकार दिया गया था कि वे किसी भी व्यक्ति पर जरा भी शक होने पर उसे गिरफ्तार कर सकते थे, उसकी जांच कर सकते थे और उसे कोई भी सजा दे सकते थे। उन्हें किसी वारंट या एफआईआर की जरुरत नहीं थी। इन फौजियों के खिलाफ न तो कोई रपट लिखवा सकते थे और न ही उन पर कोई मुकदमा चल सकता था। दूसरे शब्दों में इन क्षेत्रों की जनता मार्शल लॉ के तहत जीवन गुजार रही थी। कई निर्दोष और निरपराध लोग भी इस कानून की चपेट में आते रहे हैं। लगभग इन सभी राज्यों की सरकारें इस कानून को हटाने की मांग करती रही हैं। इस कानून को हटाने की मांग को लेकर मणिपुर से इरोम शर्मिला नामक महिला ने 16 वर्ष तक लगातार अनशन किया। यह विश्व का सबसे लंबा और अहिंसक अनशन था। हालांकि यह कानून अभी हर क्षेत्र से पूरी तरह नहीं हटाया गया है, फिर भी 60 प्रतिशत क्षेत्र इससे मुक्त कर दिए गए हैं। पिछले 7-8 सालों में उग्रवादी हिंसक घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी हुई है। सैनिकों की मौत में 60 प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 84 प्रतिशत कमी हो गई है। पिछले साल 4 दिसंबर को नगालैंड के मोन जिले में फौज के अंधाधुंध गोलीबार से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना ने उक्त कानून की वापसी की मांग को काफी तेज कर दिया था। सच्चाई तो यह है कि पूर्वी सीमांत के इन इलाकों में इस तरह का कानून और पुलिस का निरंकुश बर्ताव अंग्रेजों के जमाने से चल रहा था। केंद्र की विभिन्न सरकारों ने समय-समय पर इस कानून में थोड़ी-बहुत ढील तो दी थी लेकिन अब केंद्र सरकार ने इसे पूरी तरह से हटाने का रास्ता खोल दिया है। पिछले कुछ वर्षों में इन इलाकों के लगभग 70,000 उग्रवादियों ने आत्म-समर्पण किया है। लगभग सभी राज्यों में भाजपा या उसकी समर्थक सरकारें हैं याने केंद्र और राज्यों के समीकरण उत्तम है।

2020 का बोदो समझौता और 2021 का कर्बी-आंगलोंग पेक्ट भी शांति की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह खुद इन क्षेत्रों के नेताओं के बीच काफी सक्रिय हैं।

विचार

## नव सम्वत पर संस्कृति का सादर वन्दन करें

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**नवरात्र** हवन के झोंके, सुरभित करते जनमन **को।**
**है शक्तिपूत भारत, समरस हो जनमन में ॥**
**नव सम्वत पर संस्कृति का, सादर वन्दन करते हैं।**
**हो अमित ख्याति भारत की, हम अभिनन्दन करते हैं॥**

अप्रैल से विक्रम सम्वत २०७९ का प्रारम्भ हो गया है। विक्रम सम्वत को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष ३६५ दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष ३५५ दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है। नक्षत्र माह २७ दिन का होता है, जिन्हें अश्विन नक्षत्र, भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र, आर्द्रा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, मघा नक्षत्र, पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, चित्रा नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, पूवार्षाढ़ा नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र, घनिष्ठा नक्षत्र, शतभिषा नक्षत्र, पूवार्भाद्रपद नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र कहा जाता है। सावन वर्ष में ३६० दिन होते हैं। इसका एक महीना ३० दिन का होता है। भारतीय संस्कृति में विक्रम सम्वत का बहुत महत्त्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि की प्रारम्भ की थी। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था। मान्यता है कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपना राज्य स्थापित किया था। श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। नवरात्र भी इसी दिन से प्रारम्भ होते हैं। इसी तिथि को राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी। विजय को चिर स्थायी बनाने के लिए उन्होंने विक्रम सम्वत का शुभारंभ किया था, तभी से विक्रम सम्वत चली आ रही है। इसी दिन से महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करके पंचांग की रचना की थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्त्व भी है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। इस दिन महर्षि गौतम जयंती मनाई जाती है। इस दिन संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी मनाया जाता है। सृष्टि की सर्वाधिक उत्कृष्ट काल गणना का श्रीगणेश भारतीय ऋषियों ने अति प्राचीन काल से ही कर दिया था। तदनुसार हमारे सौरमंडल की आयु लगभग चार अरब 32 करोड़ वर्ष हैं। आधुनिक विज्ञान भी कार्बन डेटिंग और हॉफ लाइफ पीरियड की सहायता से इसे लगभग चार अरब वर्ष पुराना मान रहा है। इतना ही नहीं, श्रीमद्भागवद पुराण, श्री मारकंडेय पुराण और ब्रह्म पुराण के अनुसार अभिशेत बाराह कल्प चल रहा है और एक कल्प में एक हजार चतुरयुग होते हैं। जिस दिन सृष्टि का प्रारम्भ हुआ, वह आज ही का पवित्र दिन था। इसी कारण मदुराई के परम पावन शक्तिपीठ मीनाक्षी देवी के मंदिर में चैत्र पर्व मनाने की परंपरा बन गई।

भारतीय महीनों का नामकरण भी बड़ा रोचक है अर्थात जिस महीने की पूर्णिमा जिस नक्षत्र में पड़ती है, उसी के नाम पर उस महीने का नामकरण किया गया है, उदाहरण के लिए इस महीने की पूर्णिमा चित्रा नक्षत्र में हैं, इसलिए इसे चैत्र महीने का नाम दिया गया।

# इंसान-ए-बदन जहर की दुकान...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

कोबरा एंड पार्टी के आलाकमान का माथा ठनका हुआ था। उन्होंने नोटिस जारी कर सभी कोबराओं को आपातकालीन बैठक में भाग लेने के लिए कहा। बिलों, पहाड़ों, टीलों और रेती में जहाँ-तहाँ छिपे बैठे सारे कोबरा दौड़े-दौड़े बैठक में आ धमके। आलाकमान के मुखिया नागराज का चेहरा तमतमा रहा था। तमतमाते चेहरे बहुत लंबी बैठक के आदी होते हैं। सो, कोबरा एंड पार्टी के सभी सदस्य कुंडली मारकर ऐसे बैठ गए जैसे बहुमत की सरकार कुर्सी से चिपक जाती है। दुनिया भर को डराने वाले कोबरा आज खुद डर के मारे थरथरा रहे थे। आशंका जताई जा रही थी इस डर के पीछे लश्कर-ए-इंसान आतंकवादी संगठन का हाथ है। कोबरा नेता नागराज ने फुफकारते हुए भाषण देना आरंभ किया झ ह्यये इंसान भी बड़े गजब प्राणी हैं। सिर का जंजाल बनकर बैठ गए हैं। न खुद बिल में रहते हैं न हमें बिल में रहने देते हैं। हमने इनका क्या बिगाड़ा है जो हमारे जानीदुश्मन बन गए हैं। फोटो और पत्थरों में हमारी पूजा करने वाले साक्षात दर्शन दे दें तो मारने के लिए ऐसे पीछे पड़े रहते हैं, जैसे हमने इनका हक मार लिया हो। उन्हें कौन बताए कि लश्कर-ए-इंसान से भला कोई हक मार पाया है, जो हम मार पायेंगे! हक मारने की कला तो उनके खून में बसती है। वैसे हम एक-दो छोटे-मोटे चूहे खाकर ही बड़े खुश हैं। इतना बोलते-बोलते नागराज साहब अचानक से रुक गए। देखते ही देखते ही आँखों से आँसुओं की लड़ी झरने लगी। फफक-फफकर रोने लगे। फिर खुद को संभाला और कहा झ ह्यकोई हम से हमारा निवाला छीन ले तो हम उसे माफ कर सकते हैं। कोई हमारे रहने का ठिकाना बर्बाद कर दें तब भी हम चुप रह सकते हैं। लेकिन कोई हमारी पहचान छीन ले, यह हम हरगिज बर्दाश्त नहीं कर सकते। अपने आलाकमान के भावुक शब्दों से बाकी के कोबरा सदस्य विचलित हो उठे। उन्हें पूरा माजरा समझ में आ गया।

पिछले दिनों उन्होंने सर्प दुनिया समाचार पत्र में पढ़ा था कि किसी इंसान ने खुद को कोबरा का बाप बताया था। इतना ही नहीं उसने यहाँ तक कह दिया कि उसका कोबरा का काटा एक बार तो बच सकता है लेकिन मेरा काटा पानी तक नहीं मांग सकता। तभी से कोबराओं को अपने अस्तित्व के प्रति संदेह होने लगा। वे कुछ करने से पहले अपने आलाकमान के निर्देश की प्रतीक्षा कर रहे थे। क्रोध की ज्वाला में फुफकारने वाले अपने कोबरा सदस्यों को देख नागराज का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। उसने कहा अब हमें अपने डीएनए की जाँच करवाने का समय आ गया है। अब इस बात का फैसला हो जाना चाहिए कि असली कोबरा कौन है। यदि हम नहीं हैं तो हमें कोबरा कहलाने का कोई हक नहीं है। अब लड़ाई आर-पार की होगी।

हम बेहयाओं की जिंदगी नहीं जी सकते। हममें अब भी थोड़ी-बहुत शर्म बाकी है। अपने नेता नागराज के ओजस्वी भाषण से उत्तेजित होकर कोबरा एंड पार्टी डीएनए परीक्षण केंद्र पहुँची। वहाँ न जाने उन्होंने ऐसा क्या देख लिया कि सबकी आँखें फटी की फटी रह गयी। उन्होंने देखा कि उनसे पहले वहाँ कुत्ते, घोड़े, बैल, हाथी, शेर, मगरमच्छ, चील आदि के झुंड अपने डीएनए की जाँच करवाने के लिए मारा-मारी कर रहे हैं। यह देख कोबरा एंड पार्टी दुखी मन मुँह लटकाए अपने-अपने बिलों की ओर लौटने लगे।

## महापर्व के साथ हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं'

**संजीव ठाकुर**

**नवरात्रि** का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता है' यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है' द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है।

## धोनी ने दिया कप्तानी में दखल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने जताई नाराजगी, कहा- जडेजा के साथ हो रही नाइंसाफी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल का 15वां सीजन अभी तक निराशाजनक रहा है। चार बार की चैंपियन को शुरूआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। नए कप्तान रवींद्र जडेजा की अगुआई में गत विजेता चेन्नई को पहली जीत की तलाश है। उसे सबसे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों शिकस्त मिली और



फिर लीग की नई टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स से भी हार का सामना करना पड़ा। मैच के दौरान पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले की तरह ही सक्रिय दिखे और अधिकतर फैसले खुद लेते नजर आए। मैच के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा धोनी के इस रवैये से काफी नाराज दिखे। उन्होंने क्रिकबज के एक शो में बातचीत करते हुए कहा कि अगर आपने किसी को नया कप्तान बनाया है और बावजूद इसके मैच में खुद ही सारे फैसले ले रहे हैं तो ये गलत है। जडेजा ने कहा, 'बड़ा मुकाबला होता और उस दौरान आप आगे बढ़कर फैसले लेते तो दिक्कत नहीं होती लेकिन लीग के शुरूआती मैचों में ही रवींद्र एक तरफ खड़े हैं और आप ही फैसले ले रहे हैं, तो ये सही नहीं है।' पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाजी पार्थिव पटेल ने भी धोनी के इस कदम पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'अगर आपने खुद कप्तानी छोड़ी है तो फिर जडेजा को फैसले लेने दीजिए, उन्हें सीखने दीजिए, तभी वह आगे अच्छा कर सकेंगे।' मैच के बाद रवींद्र जडेजा ने हार पर बात करते हुए कहा, 'हमारी बल्लेबाजी अच्छी रही लेकिन फील्डिंग में हम कमजोर रहे, हमने कैच छोड़े जिसकी वजह से मैच गंवाना पड़ा।

## ऑरेंज और पर्पल कैप आरसीबी के पास, तीन टीमों को पहली जीत की तलाश

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में सात मुकाबले खेले जा चुके हैं। सातवें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर अपना खाता खोला जबकि चार बार की चैंपियन सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। लीग में शामिल सभी 10 टीमों ने एक-एक मैच खेल लिए हैं। इसमें तीन टीमों को छोड़कर सभी ने कम से कम एक जीत हासिल कर ली है। आइए जानते हैं कि इस समय अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है।

**शीर्ष पर राजस्थान**

राजस्थान रॉयल्स की टीम तालिका में शीर्ष पर है। उसने एक मैच खेला है और इसमें उसने मजबूत रन रेट के साथ जीत हासिल की है। राजस्थान दो अंकों और 3.050 की रन रेट के साथ पहले स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स 0.914 की रन रेट और दो अंक के साथ दूसरे पायदान पर काबिज है। उसने भी अभी एक मैच खेला और जीता है। इसके बाद पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और फिर कोलकाता नाइट राइडर्स क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। कोलकाता को छोड़कर सभी ने एक-एक मुकाबले खेले और जीते हैं। केकेआर ने दो मैच खेले हैं जिसमें उसे एक जीत और एक हार मिली। शीर्ष पांच के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद क्रमशः आखिरी पांच स्थानों पर हैं। यहां लखनऊ और बैंगलोर को छोड़कर बाकी तीनों टीमों का खाता नहीं खुला है। इसमें चेन्नई दो मैच में दोनों हारी है तो मुंबई और हैदराबाद को भी पहली जीत की तलाश है।

## एफआईएच प्रो लीग : इंग्लैंड पर जीत दर्ज कर शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगा भारत

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में आठ मैचों के बाद अच्छी स्थिति में है और इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू हो रहे दो मैचों में जीत दर्ज करके वह तालिका में शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगी। इस मुकाबले का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने अब तक इस सत्र में आठ मैच खेले हैं और वह 16 अंकों के साथ जर्मनी (17 अंक) के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर है। भारतीय टीम ने फ्रांस (5-0, 2-5) और स्पेन (5-4, 3-5) के खिलाफ एक मैच में जीत दर्ज की थी जबकि एक मैच में उसे हार मिली थी। इससे पहले उसने दक्षिण अफ्रीका को 10-2, 10-2 से हराया था। भारत को हाल में अर्जेंटीना के खिलाफ पहले मैच में 2-2 (शूट-आउट में 1-3) से हार का सामना करना पड़ा लेकिन दूसरे मैच में उसने 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले रक्षापंक्ति भारत के लिये चिंता का विषय है।

# टीम इंडिया का जुलाई में वेस्टइंडीज दौरा

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत 3 वनडे और 5 टी-20 मैच प्रस्तावित, आखिरी 2 टी-20 अमेरिका में खेले जा सकते हैं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया इंग्लैंड में जुलाई में इंग्लैंड दौरे के बाद वहां से आखिरी हफ्ते में वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी। वहां 3वनडे और 5 टी-20 मैच खेले जाने हैं। उसके बाद वेस्टइंडीज खिलाड़ी कैरेबियन प्रीमियर लीग की अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी में शामिल होंगे, जो 29 अगस्त से शुरू हो जाएगी। टी-20 के आखिरी 2 मैच अमेरिका में खेले जा सकते हैं। हालांकि, अभी दौरे को लेकर अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**2 मैच अमेरिका में खेले जा सकते हैं**

क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकबज के अनुसार भारतीय टीम इंग्लैंड में एक टेस्ट और पांच वाइट बॉल के मैच खेलने के बाद जुलाई के आखिरी हफ्ते में वहां से वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज प्रस्तावित 5 टी-20 मैच के आखिरी 2 मैच अमेरिका के फ्लोरिडा के लॉडहिल में कराने की योजना तैयार कर रही है।

**अमेरिका में हो चुके हैं 6 अंतरराष्ट्रीय मैच**

ऐसा नहीं है कि अमेरिका में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। इससे पहले 6 अंतरराष्ट्रीय मैच हो चुके हैं। भारत ने भी यहां 4 मैच खेले हैं। 2016 और 2019 में 2-2 मैच खेले हैं।

**IPL के बाद टीम इंडिया शेड्यूल**



**5 टी-20 मैच**
9-19 जून, साउथ अफ्रीका के साथ (भारत )

**2 टी-20 मैच**
26-28 जून, आयरलैंड के साथ (आयरलैंड)

**1टेस्ट, 3 टी-20, 3 वनडे मैच**
1- 17 जुलाई, इंग्लैंड के साथ (इंग्लैंड)

**बिजी-** इंडियन प्रीमियर लीग 29 मई को खत्म होगा। उसके बाद टीम इंडिया का शेड्यूल काफी बिजी है। जून के पहले हफ्ते अफ्रीकी टीम भारतीय दौरे पर आएगी। 9 जून से 19 जून के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज है। उसके बाद टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इंग्लैंड के साथ सीरीज से पहले पहले आयरलैंड के साथ 2 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मै 26 जून और दूसरा 28 जून को खेला जाएगा। वहीं 1-5 जुलाई तक इंग्लैंड के साथ टेस्ट मैच खेलना है। 7 से 10 जुलाई तक 3 टी-20 मैच और 12 जुलाई से 17 जुलाई तक 3 वनडे मैच खेलने हैं।

## पाकिस्तान ने चेज किया 348 रन का टारगेट

### बाबर आजम-इमाम उल हक ने जड़ा शानदार शतक, ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से मिली हार, सीरीज 1-1 से बराबर

**लाहौर।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे वनडे में पाक टीम ने इतिहास रच दिया। पाक टीम ने 348 रन के टारगेट को सिर्फ चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैच में पाकिस्तान की ओर से बाबर आजम और इमाम उल हक ने शानदार शतक जड़े। इमाम ने फखर जमान के साथ पहले विकेट के लिए 118 रन और बाबर आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी की। फखर जमान के बल्ले से भी 67 रन निकले। इस जीत के साथ ही सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है।इमाम उल हक ने 97 गेंद पर 106 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान बाबर आजम के बल्ले से सिर्फ 83 गेंद पर 114




रन निकले। पिछले मैच में पाकिस्तान की हार के बाद टीम की काफी आलोचना हुई थी।

**ऑस्ट्रेलिया के लिए बेन मैक्डर्मोट ने जड़ा डेब्यू मैच में शतक**

ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन मैक्डर्मोट ने अपने करियर का पहला शतक लगाया। ट्रेविस हेड के साथ उनकी शतकीय साझेदारी के कारण ही टीम आठ विकेट पर 348 रन का बड़ा स्कोर बना पाई। सिर्फ चौथा मैच खेल रहे मैक्डर्मोट ने 108 गेंद में 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 104 रन बनाए। उनके अलावा हेड ने 70 गेंद में 89 रन की पारी खेली। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। मार्नस लाबुशेन के बल्ले से भी 59 रन निकले।

**ऑस्ट्रेलिया ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा**

इससे पहले 1998 में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने कराची में आठ विकेट पर 324 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ अब तक कमाल का खेल दिखाया है। टेस्ट सीरीज में भी कंगारूओ ने पाकिस्तान को कड़ी टक्कर दी थी और सीरीज अपने नाम की थी। दोनों टीमों के बीच अगला वनडे मैच शनिवार को खेला जाएगा।

## धोनी ने पहली बार छक्के से की पारी की शुरुआत, कोहली-रोहित और उथप्पा के क्लब में भी हुए शामिल

**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के 15वें सीजन में अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं। उन्होंने कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ पहले मैच में 38 गेंदों पर 50 रन बनाए थे। तब उनका स्ट्राइक रेट 131.58 का था। अब धोनी ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 266.67 की स्ट्राइक रेट से रन ठोक दिए। गुरुवार को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में माही ने छह गेंदों पर 16 रन बनाए। उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया। धोनी 19वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत छक्के के साथ की। आईपीएल इतिहास में यह पहला मौका है जब धोनी ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा हो। वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो बार ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ 2017 में पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था।

आवेश खान ने शिवम दुबे को आउट कर चेन्नई को पांचवां झटका दिया। इसके बाद धोनी क्रीज पर आए। चेन्नई की पारी में 10 गेंदें शेष थीं। धोनी ने इनमें से छह गेंदों का सामना किया और 16 रन ठोक दिए। उन्होंने कवर में छक्का लगाया तो थर्ड मैन की ओर चौका जड़ दिया। इसके बाद पारी की आखिरी गेंद पर एक और चौका लगाया। धोनी ने अपनी पारी के दौरान टी20 क्रिकेट में सात हजार रन भी पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। उनसे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा, सुरेश रैना, शिखर धवन और रॉबिन उथप्पा ने सात हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं। कोहली ने टी20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा 10326 रन बनाए हैं।

## वर्ल्ड कप में हार के बाद कौन संवारेगा महिला टीम की तकदीर

**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का नहीं कर पाई। वर्ल्ड कप से टीम के बाहर होने के बाद इस बात की चर्चा चल रही है कि महिला टीम को नया कोच मिलेगा। मौजूदा कोच रमेश पोवार का अनुबंध का वर्ल्ड कप के बाद समाप्त हो गया है। अब उनके स्थान पर नए कोच को लाने की चर्चा है। इसके लिए टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का नाम आगे चल रहा है।

वर्ल्ड कप में हार के बाद बीसीसीआई महिला क्रिकेट में आमूलचूल परिवर्तन करने की योजना बना रहा है। पोवार के अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। चर्चा है कि लक्ष्मण अब सक्रिय रूप से अगली पीढ़ी को तैयार करने में जुटेंगे। फिलहाल वे नेशनल क्रिकेट एकेडमी के प्रमुख हैं। लक्ष्मण के कोच बनने की चर्चा पर अमर उजाला ने बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण





धूमल से फोन पर बात की। इस दौरान धूमल ने इन मीडिया रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज कर दिया।

**अरुण धूमल ने क्या कहा?-** अरुण धूमल ने कहा, ''लक्ष्मण को लेकर अफवाहें सामने आ रही हैं। बोर्ड ने उन्हें महिला टीम का कोच बनाने के लिए कोई फैसला नहीं किया है। वे अभी एनसीए के प्रमुख हैं। उन्हें एक जिम्मेदारी दी गई है और वे उसे निभा रहे हैं।'' वीवीएस लक्ष्मण को पिछले साल के अंत में नेशनल क्रिकेट एकेडमी का प्रमुख बनाया गया था। जहां तक रमेश पोवार की बात करें उन्हें डब्ल्यूवी रमन की जगह महिला टीम का कोच बनाया था।

## राजस्थान रॉयल्स ने शेन वार्न को किया याद, सात खिलाड़ियों को डेब्यू कैप देते हुए संगकारा ने की खास अपील

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने शानदार जीत के साथ आईपीएल के 15वें सीजन का आगाज किया है। पूर्व चैंपियन ने संजू सैमसन की अगुआई में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में 61 रन से जीत हासिल की। राजस्थान ने इस मैच में हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया और बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी तक में प्रभाव छोड़ा। राजस्थान ने सबसे पहले सैमसन के अर्धशतक और हेटमायर-पडीक्कल की तूफानी पारी के दम पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद टीम ने चहल, बोल्ट और प्रसिद्ध की धारदार गेंदबाजी के दम पर सनराइजर्स को 149 रन पर ही रोक दिया।

कई स्टार खिलाड़ियों से भरी राजस्थान रॉयल्स ने अपने पहले मैच में सात खिलाड़ियों के डेब्यू का मौका दिया। देवदत्त पडीक्कल, शिमरोन हेटमायर, युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, और नॉथन



कुल्टर नाइल पहली बार इस फ्रेंचाइजी से खेले। रॉयल्स ने मैच से पहले का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसमें टीम के निदेशक दिग्गज कुमार संगकारा खिलाड़ियों को एक भावुक संदेश देने के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वार्न को याद करते दिखे। संगकारा ने डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों को वार्न की याद दिलाते हुए फ्रेंचाइजी की कैप गर्व के साथ पहनने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'आप सभी वार्न की तरह ही अलग हैं। इसलिए आज जब अब यह कैप पहनें तो वार्न के लिए, अपने लिए और फ्रेंचाइजी के लिए पहनें। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज और महान स्पिनर शेन वार्न का पिछले महीने 52 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने की वजह से थाईलैंड में निधन हो गया था। उनकी याद में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड नें शोक सभा का आयोजन किया गया।

## लखनऊ को मिली पहली जीत : एविन लुईस ने सीजन की फास्टेस्ट फिफ्टी लगाकर LSG को जिताया, 19वें ओवर में 25 रन जड़ मैच पलटा

**मुंबई।** चार बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपरकिंग्स आईपीएल 2022 में लगातार दूसरे मैच में हार गई। उसे लखनऊ सुपर जाएंट्स ने मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में छह विकेट से हरा दिया। लखनऊ की आईपीएल में यह पहली जीत है। उसे पिछले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने हराया था। वहीं, चेन्नई को पहले मैच में कोलकाता के खिलाफ हार मिली थी।

चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम आईपीएल इतिहास में पहली बार किसी सीजन के शुरुआती दो मैचों में हारी है। इस सीजन में दूसरी बार ऐसा हुआ है कि किसी टीम ने 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ पंजाब किंग्स ने 206 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया था।



मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 19.3 ओवर में 211 रन बनाकर मैच जीत गई। उसके लिए इविन लुईस ने 23 गेंद पर नाबाद 55 रन बनाए। लुईस को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**डीकॉक का अर्धशतक, मनीष पांडे फेल**

राहुल के आउट होने के बाद मनीष पांडे भी जल्द ही चलते बने। उन्हें तुषार देशपांडे ने ड्वेन ब्रावो के हाथों कैच कराया। पांडे छह गेंद पर पांच रन ही बना सके। इसके बाद इविन लुईस और डीकॉक ने तीसरे विकेट के लिए 33 रनों की साझेदारी की। डीकॉक को प्रिटोरियस ने महेंद्र सिंह धोनी के हाथों कैच कराया। उन्होंने 45 गेंद पर 61 रन बनाए। इस दौरान नौ चौके लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 135.56 का रहा।

211 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने धमाकेदार शुरुआत की। कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डीकॉक ने पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 99 रनों की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने विस्फोटक पारी खेली। राहुल 26 गेंद पर 40 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से दो चौके और तीन छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 153.85 का रहा। राहुल को ड्वेन प्रिटोरियस ने आउट किया। इस दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज का आईपीएल में यह पहला विकेट है।

राहुल के आउट होने के बाद मनीष पांडे भी जल्द ही चलते बने। उन्हें तुषार देशपांडे ने ड्वेन ब्रावो के हाथों कैच कराया। पांडे छह गेंद पर पांच रन ही बना सके। इसके बाद इविन लुईस और डीकॉक ने तीसरे विकेट के लिए 33 रनों की साझेदारी की। डीकॉक को प्रिटोरियस ने महेंद्र सिंह धोनी के हाथों कैच कराया। उन्होंने 45 गेंद पर 61 रन बनाए। इस दौरान नौ चौके लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 135.56 का रहा।

## बाबर आजम ने इमरान खान का रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन धोनी-कोहली से दूर रह गए

**लाहौर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं कोई न कोई नया रिकॉर्ड बना देते हैं। पहले सचिन तेंदुलकर और फिर विराट कोहली के बारे में ऐसा कहा जाता था। बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार (31 मार्च) को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 114 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान पूर्व कप्तान इमरान खान के एक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बतौर कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए हैं। हालांकि, बाबर इस दौरान भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। बाबर ने शतक लगाकर पाकिस्तान को दूसरे वनडे में जीत दिलाई। तीन वनडे मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। पाकिस्तान की ओर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बतौर कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ियों में बाबर के बाद इमरान खान हैं। इमरान ने 1990 में ब्रिस्बेन के मैदान पर 82 रन बनाए थे। उनसे पहले 1987 में जावेद मियांदाद ने शारजाह के मैदान पर नाबाद 74 रनों की पारी खेली थी।

बतौर कप्तान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कप्तानों में महेंद्र सिंह धोनी शीर्ष पर हैं। माही ने 2013 में मोहाली के मैदान पर कंगारू टीम की बखिया उधेड़ दी थी। तब उन्होंने नाबाद 139 रन बनाए थे। धोनी के बाद इस लिस्ट में एबी डिविलियर्स का नंबर आता है। उन्होंने जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में नाबाद 136 रन बनाए थे।

## अमेरिका आठ साल बाद वर्ल्ड कप में खेलेगा, मैक्सिको ने भी किया क्वालीफाई, 32 में से 29 टीमें तय

**कतर।** कतर में इस साल के अंत में 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। अमेरिका और मैक्सिको ने वर्ल्ड कप में अपना स्थान पक्का कर लिया है। देर रात कोस्टारिका के खिलाफ मिली हार के बावजूद अमेरिकी टीम क्वालीफाई करने में कामयाब रही। दूसरी ओर, मैक्सिको की टीम ने एल सल्वाडोर को हराकर वर्ल्ड कप का टिकट कटाया।

कोनकेकैफ से तीन टीमों को सीधे वर्ल्ड कप में जाने का मौका मिला है। वहीं, एक टीम प्लेऑफ के जरिए जाएगी। कोनकेकैफ से कनाडा ने अपना स्थान पहले ही वर्ल्ड कप में पक्का कर लिया था। वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग राउंड में कनाडा 14 मैच में 28 अंक के साथ शीर्ष पर रहा। मैक्सिको की टीम दूसरे पायदान पर रही। उसके भी 14 मैच में 28 अंक हैं, लेकिन गोल अंतर में वह कनाडा से पीछे है। अमेरिका की टीम तीसरे स्थान पर रही। उसके 14 मैच में 25 अंक हैं। वहीं, कोस्टारिका की टीम 14 मैच में 25 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। अमेरिका गोल अंतर में कोस्टारिका से बेहतर रही। इस कारण उसे प्लेऑफ में नहीं जाना पड़ा। कोस्टारिका की टीम प्लेऑफ में अब न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। दोनों के बीच होने वाले मैच




के विजेता को कतर का टिकट मिल जाएगा। आखिरी क्वालिफाइंग मैच में कोस्टारिका ने अमेरिका को 2-0 से हराया। उसे वर्ल्ड कप में सीधे जाने के लिए मैच में कम से कम छह गोल करने थे, लेकिन टीम दो ही गोल कर पाई। अमेरिका की टीम रूस में 2018 में हुए वर्ल्ड कप में नहीं खेल पाई थी। तब टीम को त्रिनिदाद एंड टोबैगो के खिलाफ हार के कारण बाहर होना पड़ा था।दूसरी ओर, मैक्सिको की बात करें तो टीम 1994 से लगातार वर्ल्ड कप खेल रही थी। उसने लगातार आठवीं बार फुटबॉल के इस महाकुंभ में अपनी जगह बनाई है। मैक्सिको की टीम 1986 के बाद से क्वार्टरफाइनल में नहीं पहुंची है।

कतर में होने वाले वर्ल्ड कप में 32 टीमें खेलेंगी। अब तक 29 टीमों ने अपना स्थान पक्का कर लिया है। तीन की जगह खाली है। अब तक मेजबान कतर के अलावा जर्मनी, डेनमार्क, ब्राजील, फ्रांस, बेल्जियम, क्रोएशिया, स्पेन, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, अर्जेंटीना, ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान, सऊदी अरब, इक्वाडोर, उरुग्वे, कनाडा, घाना, सेनेगल, पुर्तगाल, पोलैंड, मोरक्को, ट्यूनीशिया, कैमरून, मैक्सिको और अमेरिका ने वर्ल्ड कप का टिकट कटा लिया है।

## सैन्य शपथ का उल्लंघन करने पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दो जनरल के छीने सैन्य रैंक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने अपने दो जनरल के सैन्य ंक छीन लिये हैं। जेलेंस्की ने कहा, ''कुछ चीजों के कारण वे यह तय नहीं कर पा रहे थे कि उनकी



मातृभूमि कहां हैं'' और उन्होंने ''यूक्रेनी लोगों के प्रति निष्ठा की अपनी सैन्य शपथ का उल्लंघन किया।''जेलेंस्की के अनुसार, इनमें से एक जनरल मुख्य खुफिया एजेंसी 'एसबीयू' में आंतरिक सुरक्षा मामलों के प्रमुख थे। उन्होंने बताया कि दूसरे जनरल खे़र्सोन क्षेत्र में 'एसबीयू' के प्रमुख थे, जो रूसी सेना द्वारा कब्जे में लिया गया पहला सबसे बड़ा शहर था। जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि इन जनरल के साथ क्या किया जाएगा। केवल उनके सैन्य रैंक को छीनने की जानकारी दी।

## दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो प्रशिक्षु विमान भिड़े, तीन पायलटों की मौत, सैचओन एयरबेस के पास हादसा

**सैचओन:** दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो प्रशिक्षु विमान हवा में एक दूसरे से भिड़ गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हादसे में तीन पायलटों की मौत हो गई है। दक्षिण कोरिया की वायु सेना ने एक बयान में कहा है कि दुर्घटना दक्षिणपूर्वी शहर सैचओन के एयरबेस



के समीप दोपहर करीब 1.35 बजे हुई। केटी-1 विमान हवा में एक दूसरे से टकरा गए। मीडिया रिपोर्ट में एक पायलट के घायल होने की भी खबर है, लेकिन वायुसेना ने अभी हताहतों के बारे में कोई सूचना नहीं दी है। वायुसेना ने कहा है कि वह पता लगा रही है कि हादसे में कितने हताहत हुए हैं। योनहैप ने अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से कहा है कि तीन पायलटों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है।घटनास्थल पर 30 से ज्यादा अग्निशमन वाहन पहुंच गए हैं। मलबे की तलाशी का काम जारी है।

## राष्ट्रपति पुतिन से डरे सलाहकारों ने छिपाया सेना का सच, समझौते में भुगतना पड़ेगा खामियाजा

**वाशिगंटन:** अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों का दावा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वरिष्ठ सलाहकारों ने उन्हें यूक्रेन पर हमलों में आ रही मुश्किलों को लेकर गुमराह किया। नतीजतन, सैन्य नेतृत्व के साथ उनका तनाव गहरा गया है और रूस को यूक्रेन से समझौता टेबल पर इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।व्हाइट हाउस की संचार निदेशक केट बेडिंगफील्ड के मुताबिक, हमारे पास ऐसी सूचनाएं हैं कि पुतिन के समक्ष मैदान-ए-जंग में रूसी सेना के प्रदर्शन और पश्चिमी प्रतिबंधों से धराशायी होती अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर पेश नहीं की गई क्योंकि उनके वरिष्ठ सलाहकार सच बताने से डर रहे थे। यूक्रेन में कई मोर्चों पर सैन्य कमजोरियां उजागर होने के बाद पुतिन और उनके नजदीकियों के बीच दरार पैदा हो गई है। युद्ध के लिए सेना में जबरन भर्तियों से भी राष्ट्रपति वाकिफ नहीं थे। बेडिंगफील्ड ने कहा, साफ हो गया है कि जंग छेड़ने का फैसला भारी रणनीतिक भूल था, जिसने रूस को लंबे समय के लिए कमजोर और वैश्विक परिदृश्य में अलग-थलग कर दिया है। उधर, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अल्जीरिया में पत्रकारों से कहा, खुफिया रिपोर्टों ने किसी निरंकुश शासन में सत्ता के सामने सच न बोल पाने की स्थिति से दुनिया को अवगत कराया है। पेंटागन प्रवक्ता जॉन किर्बी का कहना है कि यूक्रेन में रूसी सेना किस हद तक विफल रही है, यह पुतिन को समझा पाना सलाहकारों के लिए बड़ी मुसीबत रहा होगा।

# श्रीलंका के हालात बदतर, राष्ट्रपति आवास के बाहर प्रदर्शन, एक महीने में 45फीसदी गिरी करंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। इसी बीच प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को राष्ट्रपति राजपक्षे के आवास के बाहर से खदेड़ने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े और वाटन कैनन का इस्तेमाल किया। श्रीलंका में विदेशी मुद्रा की कमी के कारण ईंधन जैसी आवश्यक चीजों की कमी हो गई है।

रसोई गैस की भी कमी हो गई है और बिजली कटौती दिन में 13 घंटे तक की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति राजपक्षे सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण विदेशी मुद्रा संकट और गंभीर हो गया है।

**स्ट्रीट लाइट भी हो गई बंद**

श्रीलंका में आर्थिक संकट इतना ज्यादा गहराता जा रहा है कि बिजली बचाने के लिए स्ट्रीट लाइट तक को बंद




रखना पड़ रहा है। बिजली मंत्री पवित्रा वनियाराची ने बताया कि स्टेट पावर मोनोपोली ने भी 13 घंटे बिजली कटौती लागू की है क्योंकि उनके पास जनरेटर के लिए डीजल ही नहीं है। इतना ही नहीं बिजली मंत्री ने अधिकारियों से बिजली बचाने की अपील भी की है।

श्रीलंका के हालात ऐसे हैं कि दो लोगों की मिट्टी का तेल और पेट्रोल के लिए कतार में खड़े-खड़े मौत हो गई। जिसकी वजह से लोगों का गुस्सा और भी ज्यादा बढ़ गया। ऑटोरिक्शा चालकों का समूह भी सरकार की लगातार आलोचना कर रहा है क्योंकि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी ठप पड़ने लगी है। किराया बढ़ गया है और सवारियां मिल नहीं रही हैं। पैसा बचाने के लिए श्रीलंकाई लोग पैदल यात्रा करने तक के लिए मजबूर हो गए हैं। श्रीलंका में डीजल, मिट्टी का तेल और पेट्रोल की ही बस कमी नहीं है बल्कि खाद्य पदार्थ और दवाओं की भी कमी देखी जा रही है। जिसकी वजह से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका की करंसी में लगातार गिरावट देखी जा रही है। एक महीने में 45 फीसदी तक गिरावट दर्ज की गई है।

**मदद के लिए आगे आया भारत**

पड़ोसी मुल्क श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए भारत ने करीब डेढ़ अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन दिवसीय श्रीलंका दौरे पर पड़ोसी मुल्क को निरंतर सहयोग का आश्वसन दिया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक के सदस्य देशों के बीच अधिक सहयोग की अपील की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी क्षेत्रीय सुरक्षा को अधिक प्राथमिकता देना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है और एकता तथा सहयोग समय की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब समय है कि बंगाल की खाड़ी को संपर्क का सेतु बनायें, समृद्धि का सेतु बनायें और सुरक्षा का सेतु बनायें। आपको बता दें कि बिम्सटेक में भारत और श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, म्यामार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। इस संगठन के देशों की कुल आबादी विश्व की जनसंख्या की 21.7 फीसदी है, जबकि इनकी कुल जीडीपी 3.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।

## इज़राइली बलों ने वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर किया हमला, 2 की मौत; 15 घायल

**यरुशलम।** इज़राइली बलों ने वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें दो फलीस्तीनी मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। इज़राइल का कहना है कि वह आतंकवादी नेटवर्क को निशाना बना रहा है। सेना ने बताया कि एक अन्य घटना में वेस्ट बैंक में एक फलीस्तीनी नागरिक ने 28 वर्षीय एक इज़राइली नागरिक को बस में चाकू मार दिया, जिसके बाद वहां खड़े एक व्यक्ति ने फलीस्तीनी नागरिक की हत्या कर दी थी। मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा



के अनुसार, घायल इज़राइली नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है।ऑनलाइन वायरल हुई वीडियो में जेनिन शरणार्थी शिविर से धुआं निकलता दिख रहा है और गोलीबारी की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। अन्य वीडियो में इज़राइली सैनिकों और फलीस्तीनी बंदूकधारियों को संकरी गलियों से गुजरते हुए देखा जा सकता है। फलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 17 वर्षीय सनद अबू अतियेह और 23 वर्षीय यज़ीद अल-सादी बृहस्पतिवार को गोलीबारी में मारे गए। वहीं, चाकू मारने की कथित घटना के बाद निदाल जाफर (30) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गौरतलब है कि जेनिन के पास एक गांव के एक फलीस्तीनी ने दो दिन पहले मध्य इज़राइल में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हाल में हुए हमलों में अभी तक 11 लोग मारे गए हैं।

## भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण: लिज ट्रस

**लंदन।** ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि यूक्रेन संकट के संदर्भ में भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।भारत दौरे पर आई ट्रस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत के ठीक बाद यह टिप्पणी की। ट्रस ने कहा कि यूक्रेन संकट ने समान विचारधारा वाले देशों के एक साथ काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए यूक्रेन संकट के दूरगामी प्रभाव होंगे।

जयशंकर और ट्रस ने भारत-ब्रिटेन संबंधों की व्यापक समीक्षा करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर रणनीतिक ध्यान बनाये रखने की जरूरत पर जोर दिया। ट्रस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की। ब्रिटेन की विदेश मंत्री ने कहा, ''भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एक अधिक असुरक्षित दुनिया में रह रहे हैं, जो हम (व्लादिमीर) पुतिन के यूक्रेन पर भयावह आक्रमण के मामले में देख रहे हैं।'' जयशंकर के साथ 'इंडिया-यूके स्ट्रैटेजिक फ्यूचर्स फोरम' को संबोधित करते हुए ट्रस ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह




बहुत जरूरी है कि रूस पर प्रतिबंध लगाए जाएं।''

अपनी शुरुआती टिप्पणियों में ट्रस ने कहा कि संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। जयशंकर ने रोडमैप-2030 के क्रियान्वयन में प्रगति के बारे में बात की जिसे पिछले साल मई में संबंधों को और व्यापक बनाने के लिए अपनाया गया था।

वार्ता से पहले ब्रिटिश उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि लिज ट्रस जयशंकर से मुलाकात के दौरान यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को रोकने के लिए लोकतांत्रिक देशों के मिलकर काम करने के महत्व को रेखांकित करेंगी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में कई विदेशी गणमान्य लोगों ने भारत की यात्राएं की है। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह बुधवार को भारत पहुंचे, जबकि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी बृहस्पतिवार को दौरे पर आए हैं।

ट्रस रूस की आक्रामकता का 'मुकाबला' करने और देश पर वैश्विक रणनीतिक निर्भरता को घटाने के लिए एकजुटता चाहती हैं। ब्रिटिश उच्चायोग के बयान के अनुसार, उनका दौरा अगले सप्ताह होने वाली प्रमुख नाटो और जी-7 बैठकों से पहले हुआ है।

## इमरान पर बरसे बिलावल भुट्टो, बोले- भागने के लिए कोई रास्ता नहीं, देना होगा इस्तीफा

**लाहौर।** पाकिस्तान में राजनीतिक हलचल के बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ लगातार हमलावर है। पाकिस्तान में विपक्षी एकजुटता को नई धार देने वाले बिलावल भुट्टो ने एक बार फिर से इमरान खान पर इस्तीफे को लेकर दबाव बना रहे हैं। भुट्टो ने साफ तौर पर कह दिया कि भागने से काम नहीं चलेगा, अब इमरान खान को इस्तीफा देना ही होगा। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक सम्मानजनक रास्ता है कि वजीर-ए-आजम(इमरान खान) इस्तीफा दें और शबाज शरीफ को वोट ऑफ कॉन्फिडेंस का मौका दें।बिलावल भुट्टो ने आगे कहा कि जब भी हम नेशनल असेंबली पहुंचते हैं, इमरान खान साहब शिकस्त खाते हैं। आज विपक्ष ने 175 सदस्य सदन में खड़े करके साबित कर दिया कि अब इमरान खान के पास भागने के लिए कोई रास्ता नहीं है। हर किसी के पैर पकड़ रहे हैं कि मेरी कुर्सी बचा लीजिए। पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी की तरफ से कहा गया कि हम इमरान खान को कोई एनआरओ नहीं देंगे और न ही अविश्वास प्रस्ताव वापस लेंगे। प्रधानमंत्री को केवल यही सलाह है कि आज इस्तीफा दें और विपक्ष के नेता को विश्वास मत लेने दें।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने राजनीतिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। खान ने कथित ''विदेशी साजिश'' में उन्हें सत्ता से बेदखल करने की भूमिका के बारे में अमेरिका पर आरोप लगाया था।राष्ट्र के नाम अपने संबोधन के दौरान बृहस्पतिवार को खान की संभवत~ जुबान फिसल गई और उन्होंने आरोप लगाया कि एक देश ने धमकी भरा पत्र भेजा था। खान के संबोधन के तुरंत बाद अमेरिकी



विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, ''इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है।'' उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद में रविवार को आयोजित एक विशाल जनसभा में खान ने अपनी जेब से कागज का एक टुकड़ा निकाला था और भीड़ के सामने लहराते हुए दावा किया था कि यह उनकी सरकार को गिराने के लिए रची गई ''अंतरराष्ट्रीय साजिश'' का सबूत है।

# केवल इस्तीफा देकर ही इमरान खान को मिल सकती है सम्मानजनक विदाई ! पाकिस्तान के विपक्षी दल का बयान

**लाहौर।** पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अपना विरोध तेज करते हुए कहा कि केवल इस्तीफा देकर ही उन्हें ''सम्मानजनक विदाई'' मिल सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल असेंबली में बहुमत खोने के बावजूद बृहस्पतिवार को कहा था कि वह इस्तीफा नहीं देंगे और ''अंतिम गेंद तक खेलेंगे।'' साथ ही, उन्होंने कहा था कि वह रविवार को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान का सामना करेंगे, जिसमें फैसला होगा कि देश किस दिशा में जाएगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इमरान खान के लिए अब कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा है।उन्होंने कहा, '' केवल इस्तीफा देकर ही उन्हें सम्मानजनक विदाई मिल सकती है। मैं उन्हें ऐसा करने की सलाह दूंगा।'' उन्होंने कहा कि इमरान



का राष्ट्रीय सुरक्षा मंचों तथा संस्थानों का ध्रुवीकरण करने और बदनाम करने का प्रयास अपमानजनक है। विपक्षी दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने बृहस्पतिवार को इमरान खान के राष्ट्र के नाम, सीधे प्रसारित किए गए संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, '' यह आदमी लगातार साबित कर रहा है कि वह इस सर्वोच्च पद के लायक नहीं है। सबके सामने रोने के बजाय उन्हें कुछ साहस जुटाना चाहिए और अगर उनमें कुछ सम्मान बचा है तो इस्तीफा दे देना चाहिए।''

खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ में फूट के बाद संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में उन्होंने बहुमत खो दिया है।उनके दो सहयोगी दलों ने भी अपना समर्थन वापस ले लिया और विपक्षी खेमे के साथ जा मिले। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने 28 मार्च को पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद ए-95 के तहत अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था और इस पर 161 सदस्यों ने दस्तखत कर रखे हैं।इमरान को उनकी सरकार गिराने की विपक्ष की कोशिशों को नाकाम करने के लिए 342 सदस्यीय निचले सदन में 172 वोट की जरूरत है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने हालांकि, दावा किया है कि विपक्ष के पास 175 सांसदों का समर्थन है और प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। गौरतलब है कि कोई भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री पांच साल का अपना पूर्ण कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। साथ ही, पाकिस्तान के इतिहास में कोई भी प्रधानमंत्री अविश्वास प्रस्ताव के जरिये सत्ता से बेदखल नहीं हुआ है और खान इस चुनौती का सामना करने वाले तीसरे प्रधानमंत्री हैं।

## दुनिया की आधी महिलाओं को करना पड़ता है मर्जी के बगैर गर्भधारण, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा

**न्यूयार्क।** दुनियाभर में हर साल गर्भवती होने वाली करीब 12.1 करोड़ महिलाओं में करीब आधी महिलाएं बिना मर्जी के गर्भधारण करती हैं। केवल 57 फीसदी प्रजनन और सेक्स संबंधी निर्णय लेने में सक्षम हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की विश्व जनसंख्या रिपोर्ट-2022 के अनुसार बिना मर्जी के गर्भधारण करने वाली महिलाओं में करीब 60 फीसदी गर्भपात करा देती हैं।

इन कुल गर्भपात में 45 फीसदी असुरक्षित होते हैं, जो 5-13 फीसदी तक मातृ मृत्यु दर का कारण बनते हैं। यूएन जनसंख्या कोष की कार्यकारी निदेशक डॉ. नतालिया केनेम के अनुसार, बिना मर्जी के गर्भधारण के ये आंकड़े महिलाओं और लड़कियों के मूल अधिकारों के प्रति पूरी दुनिया की असफलता को दर्शाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1990 से 2019 के बीच प्रति हजार महिलाओं पर बिना मर्जी के गर्भधारण की संख्या 79 से कम होकर 64 तक आई है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन 64 देशों की महिलाओं के साथ ये अध्ययन किया गया। इनमें से 47 देशों की 40त्न महिलाएं गर्भनिरोधक का इस्तेमाल नहीं करतीं। कुल 23त्न महिलाएं न चाहते हुए भी सेक्स संबंधों के लिए ना नहीं कह पातीं और 8त्न गर्भनिरोधक का निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## भारत दौरे पर रूस के विदेश मंत्री: अमेरिका ने लगाई टकटकी, कहा- हम रूस के साथ भारतीय संबंधों में बदलाव नहीं चाहते

**वाशिगंटन।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच भारत का रुख वैश्विक समुदाय के लिए अब तक अहम रहा है। खुद रूस भारत से अपील कर चुका है कि, वह अपने पुराने संबंधो को बरकरार रखे। वहीं अमेरिका भारत को अपने पाले में लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

इस बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव नई दिल्ली की यात्रा पर हैं। वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। लावरोव की इस भारत यात्रा पर अमेरिका नजर टिकाए हुए है। पीएम मोदी और एस जयशंकर से मुलाकात से पहले अमेरिका की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि, हम ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते कि रूस और भारत अपने संबंधों में किसी प्रकार का बदलाव करें।

**भारत-रूस के संबंध इतिहास का तथ्य**

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि, विभिन्न देशों के रूसी संघ के साथ अपने संबंध रहे हैं। यह इतिहास का तथ्य है। एक भौगोलिक सच है। हम इसे बिल्कुल नहीं बदलना चाहते हैं। हम यह देखने का प्रयास कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय एक स्वर में बोल रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि, भारत समेत कई देशों को इस अनुचित, अकारण आक्रामकता के खिलाफ प्रमुखता से बोलना चाहिए और हिंसा को खत्म करने का आह्वान करना चाहिए।

**रुपए-रूबल कंवर्जन पर हो सकती है बात**

इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब पूछा गया कि, भारत रूस के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए रुपये-रूबल कंवर्जन पर काम कर रहा है तो उन्होंने कहा कि जब भी



इसकी बात आती है तो मैं भारतीय साझेदारों से कहना चाहूंगा कि हम इस पर बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग रूस के साथ खड़े हैं उन्हें अमेरिका के साथ खड़े लोगों की तुलना में ज्यादा फायदा हो सकता है।

**दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं सर्गेई**-रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। यह फरवरी में यूक्रेन पर रूस की ओर से हमले की शुरुआत करने के बाद से पहली भारत यात्रा है। यूक्रेन के खिलाफ अपनी कार्रवाई को रूस एक विशेष सैन्य अभियान कहता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जराखोवा ने बताया कि लावरोव शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। हालांकि, लावरोव की यात्रा को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी की गई मीडिया एडवायजरी में पीएम के साथ लावरोव की बैठक का कोई उल्लेख नहीं है। समाचार की एक रिपोर्ट के अनुसार, वार्ताओं की तैयारियों की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि इस दौरान भारत विभिन्न सैन्य हार्डवेयर और एस-400 मिसाइल के कंपोनेंट की समय से आपूर्ति करने पर जोर दे सकता है, जो रूस से खरीदे गए हैं। भारत आने से पहले लावरोव चीन की यात्रा पर थे। वह ऐसे समय में भारत आए हैं जब अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह और ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस भी यहां आई हुई हैं।